

04
मिस्त्री ने मोदी को दो बार लिखा पत्र

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

04
कायाकल्प की राह पर एयर इंडिया



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, गुरुवार, 26 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 68, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

14 अर्थव्यवस्थाएं अमेरिकी जांच के घेरे में, भारत समेत 7 देशों पर 25% तक अतिरिक्त शुल्क का प्रस्ताव; चीन पर भी 20% टैरिफ की तैयारी

भारत पर टैरिफ वार!

एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के प्रशासन ने एक बार फिर वैश्विक व्यापार में हलचल मचा दी है। अमेरिका ने भारत सहित सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, यह कदम अमेरिकी प्रशासन की उस व्यापक जांच का हिस्सा है, जिसमें प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर जरूरत से ज्यादा औद्योगिक उत्पादन क्षमता विकसित करने का आरोप लगाया गया है। वाशिंगटन का मानना है कि ये देश बाजार की वास्तविक मांग से अधिक विनिर्माण क्षमता बढ़ा रहे हैं, जिससे अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा है।

तुरंत लागू नहीं होगा नया टैरिफ

अमेरिकी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित शुल्क तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। इन्हें लागू करने से पहले सार्वजनिक परामर्श की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। साथ ही मौजूदा व्यापार समझौतों को भी ध्यान में रखा जाएगा। यह घटनाक्रम दिसंबर में मियामी में होने वाले जी-20 सम्मेलन से पहले सामने आया है।

इन 7 देशों पर टैरिफ का शिकंजा?

प्रस्ताव में भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, ताइवान, मलयेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया और कंबोडिया को शामिल किया गया है। इन देशों पर 25 प्रतिशत तक अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की तैयारी है। अमेरिका का यह कदम अपने व्यापारिक साझेदारों पर अमेरिकी उत्पादों की खरीद बढ़ाने और विनिर्माण गतिविधियों को अमेरिका में स्थानांतरित करने दबाव की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

मृदुभाषी एक्सप्लेनर: भारत पर क्या पड़ेगा असर?

अमेरिका भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में शामिल है। ऐसे में यदि प्रस्तावित 25 प्रतिशत तक का अतिरिक्त टैरिफ वास्तव में लागू होता है, तो भारतीय निर्यातकों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

1. अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान महंगा हो सकता है: अतिरिक्त शुल्क लागू होने पर अमेरिका में भारतीय उत्पादों की कीमत बढ़ सकती है। इससे अमेरिकी खरीदारों के लिए भारतीय सामान की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है।

2. निर्यातकों के मुनाफे पर दबाव: शुल्क का बोझ अमेरिकी आयातकों और भारतीय निर्यातकों के बीच किस तरह बंटता है, यह व्यापारिक समझौतों पर निर्भर करेगा। निर्यातकों को कीमतों में बदलाव या मुनाफे में कमी का सामना करना पड़ सकता है।

3. भारतीय उद्योगों की प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो सकती है: जिन उद्योगों का अमेरिकी बाजार पर अधिक निर्भरता है, उन्हें दूसरे देशों के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा में मुश्किल आ सकती है। हालांकि, वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि अंतिम टैरिफ किन उत्पादों पर और कितनी दर से लागू होते हैं।

4. भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर बढ़ेगा दबाव: इस प्रस्ताव से दोनों देशों के बीच व्यापारिक बातचीत और महत्वपूर्ण हो सकती है। भारत को अपने निर्यात हितों की रक्षा करते हुए अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में संतुलन बनाना होगा। फिलहाल भारत के लिए राहत की बात यह है कि टैरिफ अभी केवल प्रस्तावित हैं। सार्वजनिक परामर्श और अंतिम निर्णय के बाद ही स्पष्ट होगा कि भारत के किन उत्पादों पर इसका कितना असर पड़ेगा। इसलिए फिलहाल इसे भारतीय निर्यात के लिए संभावित चुनौती के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि लागू हो चुके नए शुल्क के रूप में।



14 अर्थव्यवस्थाओं की जांच, चीन निशाने पर

अमेरिका की जांच का दायरा केवल सात देशों तक सीमित नहीं है। कुल 14 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को जांच के दायरे में रखा गया है। इनमें भारत, चीन, यूरोपीय संघ, जापान, बांग्लादेश, कंबोडिया, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने चीन पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाने के प्रस्ताव की पुष्टि की है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी 20 प्रतिशत तक शुल्क प्रस्तावित किया जा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कार्यालय ने ब्राजील के कुछ उत्पादों पर भी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें विमान सहित कुछ अन्य वस्तुएं शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि ब्राजील ने अमेरिकी व्यापार से जुड़ी चिंताओं का समाधान नहीं किया है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने छोड़ा जिले का प्रभार

इंदौर जिले की कमान मंत्री चेतन्य काश्यप के हाथों में

मृदुभाषी। इंदौर

मध्यप्रदेश की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में एक अहम बदलाव हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री की जिम्मेदारी अब अपने पास से हटाकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप को सौंप दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। इस फैसले के साथ ही चेतन्य काश्यप के कंधों पर प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण जिलों में शामिल इंदौर की अतिरिक्त जिम्मेदारी आ गई है।

अब तक इंदौर का प्रभार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास था। अगस्त 2024 में जब मोहन यादव सरकार ने मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा था, तब मुख्यमंत्री ने इंदौर की जिम्मेदारी अपने पास ही रखी थी। वहीं, चेतन्य काश्यप को उस समय भोपाल और राजगढ़ जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया था। दिसंबर 2025 में भी मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि जिन जिलों का प्रभार किसी मंत्री को नहीं सौंपा गया है, उनकी जिम्मेदारी उनके पास ही रहेगी। अब नए आदेश के साथ इस व्यवस्था में बदलाव कर दिया गया है।



तीन जिलों की जिम्मेदारी संभालेंगे काश्यप

इंदौर का अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद चेतन्य कुमार काश्यप अब भोपाल, राजगढ़ और इंदौर तीन जिलों के प्रभारी मंत्री होंगे। उनके मौजूदा विभागीय दायित्वों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एमएसएमई मंत्री के रूप में कामकाज जारी रखते हुए अब उन्हें तीनों जिलों की प्रशासनिक और विकास संबंधी गतिविधियों पर भी नजर रखनी होगी। नई जिम्मेदारी के तहत चेतन्य काश्यप इंदौर जिले में विकास कार्यों की समीक्षा, जिला प्रशासन के साथ समन्वय और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा इंदौर का प्रभार सौंपे जाने के बाद अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नए प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में जिले की विकास योजनाओं और प्रशासनिक प्राथमिकताओं को किस तरह गति मिलती है।

प्रणब मुखर्जी की सलाह पर भाजपा में आया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उन्हें TMC छोड़कर भाजपा में आने की सलाह दी थी।

उन्होंने मंगलवार को कोलकाता में एक समिट के दौरान यह बात कही। शुभेंदु ने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद जब वे प्रणब मुखर्जी से मिलने राष्ट्रपति भवन गए थे, तब दोनों के बीच यह बातचीत हुई थी। इस दौरान प्रणब मुखर्जी ने शुभेंदु से कहा था- सोचिए कि आप क्या करना चाहते हैं।



कोर्ट के बाहर हत्या के आरोपी के हाथ काटे

पुणे। पुणे के शिवाजीनगर कोर्ट के बाहर बुधवार दोपहर करीब 1:15 बजे हत्या के आरोपी पर धारदार हथियारों से हमला हुआ। हमले में उसके दोनों हाथ कट गए। हमलावरों ने उसे गोली भी मारी। पुलिस के मुताबिक, मंदार मारुति किवले पर 6 लोगों ने हमला किया।

दास ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

सौरव दास बताएं-उनका जन्म स्थान क्या है?

एजेंसी। नई दिल्ली



कॉकरोच जनता पार्टी के सह-संयोजक सौरव दास को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोके जाने के मामले में बुधवार को विदेश मंत्रालय ने अपना पक्ष स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि सौरव के पासपोर्ट में दर्ज जन्मस्थान की जानकारी को लेकर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। इससे पहले चेन्नई स्थित रीजनल पासपोर्ट कार्यालय ने 23 नवंबर को उन्हें एक कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा था, साथ ही जवाब दाखिल करने तक पासपोर्ट का इस्तेमाल न करने की सलाह भी दी थी।

दूसरी ओर, विदेश यात्रा पर लगाई गई इस रोक को चुनौती देते हुए सौरव दास ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। उनके वकील ने एक्टिंग चीफ जस्टिस नितिन वासुदेव सांबरे और जस्टिस संजय शर्मा की बेंच के समक्ष इस मामले पर जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया है। इस बीच, सौरव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक पोस्ट के जरिए अपना पासपोर्ट लीक होने का गंभीर आरोप भी लगाया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा समर्थक कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स द्वारा उनकी निजी जानकारी सार्वजनिक की है।

पद्मा फेस्टिवल में बोले RSS प्रमुख मोहन भागवत

बाहरी दुश्मनों से ज्यादा अंदरूनी खतरों से सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि मौजूदा समय में भारत को बाहरी दुश्मनों के मुकाबले अंदरूनी खतरों से अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। बुधवार को महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित पांचवें पद्मा फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल चुकी है। युवाओं को झूठ पसंद नहीं है और वे सच बोलने वालों के साथ खड़े होने के लिए तैयार रहते हैं, क्योंकि वे देश को महान बनाना चाहते हैं।

भारत की वैश्विक सोच को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत की विचारधारा सबसे अलग है और वह उन पड़ोसी देशों की भी मदद करना चाहता है जो उससे नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि ताकत का उपयोग कमजोरों की रक्षा और शांति स्थापना के लिए होना चाहिए, यही वजह है कि अगर भारत आगे बढ़ता है तो कई ताकतवर देशों की दुकानें बंद हो जाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने अच्छे काम करने वालों से सीखने और उनके कार्यों की सराहना कर उसे आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस कार्यक्रम में मौजूद पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि साल 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने में युवा सबसे बड़ा योगदान देंगे और इसका सर्वाधिक लाभ भी मिलेगा।



अभद्रता के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष ने निगम कर्मी को जड़ा थप्पड़

इंदौर में अतिक्रमण हटाने गई टीम से भिड़े कांग्रेस के नेता

मृदुभाषी। इंदौर

शहर के फूटी कोठी ब्रिज के नीचे लगने वाली अस्थायी सब्जी मंडी को हटाने पहुंची नगर निगम की रिमूवल टीम और पुलिस बल को स्थानीय विक्रेताओं व कांग्रेस नेताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान स्थिति उस वक्त बेहद तनावपूर्ण हो गई, जब महिलाओं से अभद्रता का आरोप लगाते हुए नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने एक निगम कर्मचारी को थप्पड़ जड़ दिया। मौके पर बढ़ते हंगामे को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और थप्पड़ मारने के मामले में नेता प्रतिपक्ष सहित कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया।

इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नगर निगम के अमले और पुलिस अधिकारियों की सब्जी विक्रेताओं व कांग्रेस नेताओं के साथ तीखी नोकझोंक होती दिखाई दे रही है। विवाद के बीच कुछ महिला विक्रेता सामने आईं और उन्होंने नगर निगम के एक कर्मचारी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।



दिल्ली में निर्मला सीतारमण से मिले CM मोहन यादव

मध्यप्रदेश के अटके वित्तीय मुद्दों पर की गई अहम चर्चा

मृदुभाषी। भोपाल

मध्यप्रदेश के विकास को गति देने और प्रदेश के आर्थिक हितों को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। कर्तव्य भवन में हुई इस सौजन्य भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण वित्तीय विषयों, लंबित मामलों और विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने मध्यप्रदेश से संबंधित विभिन्न लंबित वित्तीय विषयों को रखा। उन्होंने प्रदेश की विकासात्मक प्राथमिकताओं, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और राज्य के आर्थिक हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समग्र विकास के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों से केंद्रीय वित्त मंत्री को अवगत कराया।



बालाघाट के भाजपा विधायक का बयान वायरल

लाडली बहना के पैसों से खूब अंडा, मुर्गा, मछली खाओ, लेकिन... वोट कमल के फूल को ही देना

मृदुभाषी। बालाघाट

मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले की लांजी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राजकुमार करहे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में विधायक करहे ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं से 'लाडली बहना योजना' के तहत मिलने वाली 1,500 रुपये की राशि से खूब अंडा, मुर्गा और मछली खाने की सलाह देते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं से आगामी चुनावों में भाजपा के चुनाव चिह्न 'कमल के फूल' को ही वोट देने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार, यह वीडियो मंगलवार शाम का बताया जा रहा है। विधायक राजकुमार करहे लांजी क्षेत्र के आलीटोला में आयोजित रानी तिलका देवी के मेले से लौट रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे कुछ आदिवासी महिलाएं और बच्चे बैठे दिखाई दिए। उन्हें देखकर विधायक ने अपनी कार रुकवाई और गाड़ी में बैठे-बैठे ही महिलाओं से बातचीत शुरू कर दी। वीडियो सामने आने के बाद जिले की राजनीति में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया यूजर्स और विपक्षी दल के समर्थक इसे योजना के मूल उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन से भटकाने वाला बयान बता रहे हैं, वहीं कई लोग इसे सीधे तौर पर वोट बैंक की राजनीति से जोड़कर आलोचना कर रहे हैं। मामले पर विवाद बढ़ता देख विधायक राजकुमार करहे ने इस पर अपनी सफाई पेश की है। विधायक का कहना है कि ग्रामीण और आदिवासी अंचल में लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह बात सहज भाव से कही थी। करहे के मुताबिक, उन्होंने महिलाओं को साफ पानी पीने और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की भी समझाइश दी थी, लेकिन वीडियो में वह हिस्सा रिकॉर्ड नहीं हो सका।



वीडियो में क्या कहा था विधायक ने?

वायरल क्लिप के अनुसार, विधायक ने पहले महिलाओं से पूछा कि उन्हें लाडली बहना योजना के 1,500 रुपये समय पर मिल रहे हैं या नहीं। महिलाओं के मुस्कुराते हुए 'हां' में जवाब देने पर करहे ने कहा, तो इस पैसे से खूब अंडा खाओ, खूब मुर्गा खाओ, खूब मछली खाओ और बच्चों को भी खूब खिलाओ, स्वस्थ रहो। लेकिन वोट कमल के फूल को ही देना।

कृष्णबाग कॉलोनी में सन्नाटा और बेबसी का आलम

बुलडोजर कार्रवाई से उजड़े आशियाने, मलबे के बीच चूल्हा जलाने को मजबूर है परिवार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर की कृष्णबाग कॉलोनी में प्रशासन की रिमूवल कार्रवाई के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा और बेबसी का माहौल पसरा है। बुलडोजर से मकानों की दीवारें और छतें ढहा दिए जाने से उन परिवारों के वर्षों के संघर्ष, यादें और सपने मलबे में तब्दील हो गए हैं, जिन्होंने पाई-पाई जोड़कर अपना घर खड़ा किया था।

कार्रवाई के दो दिन बीतने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। सड़क पर रखा सोफा, उसके पास बैठे परिजन और सामने ईंट-पत्थरों व सरियों का ढेर कॉलोनी की नई हकीकत बन गया है। कई परिवारों के पास सिर छिपाने या कहीं अन्यत्र जाने का ठिकाना न होने के कारण वे टूटे घरों के सामने ही खाना पका रहे हैं और खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। वहीं, मासूम बच्चे मलबे के बीच खेलते हुए अपने टूटे आशियाने को निहारते हैं और माता-पिता से पूछते हैं कि उनका घर क्यों तोड़ा गया, जिस पर अभिभावकों के पास कोई उत्तर नहीं है।



एक-एक पैसा जोड़ते हुए घर बनाया था

कॉलोनी में किरण वैद्य अपने टूटे मकान के सामने चूल्हे पर चाय बनाती नजर आईं। सीमा ने बताया कि वे बीते 20 वर्षों से यहां रह रही थीं और मजदूरी व अन्य घरों में काम करके एक-एक पैसा जोड़ते हुए उन्होंने यह घर बनाया था। उनके पास नया मकान खरीदने के संसाधन नहीं हैं, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि वे यह जमीन नहीं छोड़ेंगी और यहीं रहकर संघर्ष करेंगी, वहीं, रहवासी राजाराम ने बताया कि उन्होंने 11-12 साल पहले प्लॉट खरीदा था और सुबह 6 बजे से देर रात तक मजदूरी व नौकरी कर जो कमाई बचाई, उससे मकान बनवाया। उनके पास रजिस्ट्री, संपत्ति कर की रसीदें, बिजली व नल कनेक्शन के दस्तावेज हैं और मकान के लिए लिया गया बैंक लोन भी अभी चल रहा है। उनका कहना है कि वे कार्रवाई रोकने की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी और अब बैंक की किस्त चुकाने, रहने का इंतजाम करने व परिवार पालने का गहरा संकट खड़ा हो गया है।

बैंक लोन के सहारे घर बनाए थे

कॉलोनी के अन्य लोगों का भी कहना है कि उन्होंने वैध दस्तावेजों, टैक्स भुगतान और बैंक की जांच के बाद मिले लोन के सहारे घर बनाए थे।

मकान ढहने से उनके सामने आजीविका और आवास की दोहरी मार पड़ी है। जिससे वह काफी परेशान है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कॉलोनी पहुंचकर रहवासियों से मुलाकात की और उन्हें कानूनी लड़ाई में हरसंभव मदद व अधिकार दिलाने का आश्वासन दिया। इससे पीड़ित परिवारों को कुछ उम्मीद तो बंधी है, लेकिन फिलहाल मलबे के बीच उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का संघर्ष जारी है।



'फार्मा उत्सव' आयोजितः विशेषज्ञों ने दी चेतावनी

बिना डॉक्टरी सलाह एंटीबायोटिक लेना भविष्य में बना सकता है दवाओं को बेअसर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फामेर्सी सप्ताह-2026 के अंतर्गत बुधवार को राज्यस्तरीय कार्यक्रम 'फार्मा उत्सव' का आयोजन किया गया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित सभागार में भारतीय फामेर्सी परिषद (पीसीआई), नई दिल्ली की मेजबानी में हुए इस आयोजन में विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित और गलत इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) के गंभीर खतरों के प्रति आगाह किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहे, जबकि पीसीआई के उपाध्यक्ष जशुभाई एच. चौधरी और मध्यप्रदेश फामेर्सी परिषद के अध्यक्ष डॉ. संजय के. जैन की विशेष मौजूदगी रही।

सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार होने पर बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक लेना, गलत दवा का चयन करना या इलाज का कोर्स बीच में ही छोड़ देना एएमआर की समस्या को तेजी से बढ़ा रहा है।

यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो भविष्य में गंभीर संक्रमणों के इलाज में ये जीवनरक्षक दवाएं पूरी तरह बेअसर साबित हो सकती हैं। वक्ताओं ने कहा कि इस संकट से निपटने के लिए डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, स्वास्थ्य संस्थानों और आम नागरिकों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। विशेष रूप से फार्मासिस्ट मरीजों को दवाओं के सही उपयोग, सटीक खुराक और निर्धारित कोर्स पूरा करने के लिए प्रेरित कर अहम भूमिका निभा सकते हैं।

साइंटून और फार्मा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन

जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में एएमआर विषय पर आधारित पोस्टर, साइंटून और फार्मा क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त आयोजित विशेषज्ञ पैनल चर्चा में स्वास्थ्य सेवा, फार्मा उद्योग और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान वक्ताओं ने एंटीबायोटिक दवाओं के जिम्मेदार और तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती संभावनाओं और तकनीकी उपयोग पर भी अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

पिता-बहन की हत्या करने वाला हर्ष नोएडा से गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर । शहर के एरोड्रम थाना क्षेत्र के अशोक नगर में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी हर्ष यादव को पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार कर लिया है। गत शुक्रवार को संपत्ति विवाद के चलते उसने अपने पिता राजू यादव और बहन हर्षिता की बेरहमी से हत्या कर दी थी तथा वारदात के बाद से फरार चल रहा था। मंगलवार रात एरोड्रम पुलिस ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई करते हुए उसे नोएडा में उसके ठिकाने से पकड़ा और इंदौर लेकर पहुंची। एरोड्रम टीआई मनोज सेंधव ने आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।



पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्याकांड को अंजाम देने के बाद हर्ष ने बहन के शव को घर के ही एक कमरे में बंद कर दिया था, जबकि पिता के शव को ई-रिक्शा में रखकर हातोद क्षेत्र में ले जाकर फेंक दिया था। इसके बाद वह शहर छोड़कर भाग निकला। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने अपना हुलिया बदल लिया, सरदार का भेष बनाया और पगड़ी पहनकर नोएडा में किराए के कमरे में रहने लगा। वह बार-बार मोबाइल बंद कर अपनी लोकेशन भी बदल रहा था, लेकिन तकनीकी निगरानी व सर्विलांस के जरिए पुलिस को दिल्ली-एनसीआर में उसके होने के पुख्ता सुराग मिल गए, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। टीआई मनोज सेंधव के अनुसार, इस दोहरे हत्याकांड में शामिल एक नाबालिग आरोपी को पुलिस पहले ही हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर चुकी है। अब मुख्य आरोपी हर्ष को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

खेल-खेलते में ढाई वर्ष की बच्ची ने पिया एसिड, इलाज के दौरान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में ढाई वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर घर के बाहर रखी बाथरूम साफ करने वाली एसिड की बोतल को बच्ची ने पानी समझकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले निजी अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मृतक बच्ची की पहचान ढाई साल की वंशिका पुत्री सुनील लोधी के रूप में हुई है। पिता सुनील ने बताया कि वे घर के बाहर बैठे थे और मां घर के काम में व्यस्त थीं। इसी दौरान खेलते-खेलते वंशिका बाथरूम के पास पहुंची और बाहर रखी एसिड की बोतल उठाकर पी गई। एसिड पीते ही गले में तेज जलन होने पर वह रोते हुए पिता के पास आई। मुंह से झाग निकलता देख परिजन घबरा गए और उसे तुरंत नजदीकी गीतांजलि अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुनील मूल रूप से अशोक नगर जिले के निवासी हैं और पिछले 7 वर्षों से चंदन नगर में किराए के मकान में रहकर सेंट्रिंग व मिस्त्री का काम करते हैं। उनकी तीन बेटियों में वंशिका सबसे छोटी थी। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

हाई कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा क्यों न समाप्त कर दी जाए पार्षदी

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए इंदौर के तीन पार्षदों की बढ़ी मुश्किलें

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। नगर निगम में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर बाद में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने वाले तीन पार्षदों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बुधवार को इन तीनों पार्षदों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है कि क्यों न उनकी पार्षदी समाप्त कर दी जाए। न्यायालय ने संबंधित पार्षदों को 16 दिसंबर से पूर्व अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।

हाई कोर्ट ने यह आदेश नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट द्वारा दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए जारी किया है। मामले के अनुसार, वर्ष 2022 में संपन्न हुए इंदौर नगर निगम के चुनाव में पार्षद ममता सुनेरे, शिवम यादव और विनिता मौर्य कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर विजयी हुए थे। हालांकि, चुनाव जीतने के बाद तीनों पार्षदों ने पाला बदलते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। इस कृत्य के विरुद्ध दल-बदल कानून के तहत कार्रवाई करने, उनके पदों को रिक्त घोषित करने तथा संबंधित वार्डों में पुनः उपचुनाव कराने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने राज्य शासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव ने उक्त आवेदन को निरस्त कर दिया था।



प्रकरण की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को

शासन स्तर से आवेदन खारिज होने के बाद सोनिला मिमरोट ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि जनता ने कांग्रेस के चुनाव चिह्न पर भरोसा जताते हुए इन प्रतिनिधियों को जिताया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद दल बदलकर उन्होंने न केवल पार्टी बल्कि अपने वार्ड के मतदाताओं के साथ भी पूरी तरह विश्वासघात किया है। अतः उनका निर्वाचन शून्य घोषित कर दोबारा चुनाव कराए जाने चाहिए। बुधवार को न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता के तर्कों को सुनने के पश्चात तीनों पार्षदों को नोटिस जारी किया। प्रकरण की अगली सुनवाई अब 16 दिसंबर को नियत की गई है।

निर्माण कार्यों की भेंट चढ़ा इंदौर का यातायात

चंदन नगर से अम्मान नगर तक डेढ़ घंटे लगा भीषण जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर । शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खासतौर पर शाम के समय शहर की प्रमुख सड़कों पर हालात बेहद विकट हो जाते हैं। विजय नगर, पलासिया, चंदन नगर, राजबाड़ा, एमआर-10, अन्नपूर्णा, देवास नाका, मूसाखेड़ी और आईटी पार्क जैसे व्यस्त क्षेत्रों में रोजाना वाहन चालकों को एक से दो घंटे तक जाम से जूझना पड़ रहा है।

ओवरब्रिज और मेट्रो के निर्माण कार्यों के साथ-साथ सर्विस रोड पर बिखरे मलबे ने आवागमन को और अधिक बाधित कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार रात चंदन नगर से अम्मान नगर तक करीब डेढ़ घंटे तक भीषण ट्रैफिक जाम लगा रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और पैदल राहगीरों तक के निकलने की जगह नहीं बची।



मौके पर एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद नहीं

इस घटना का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू यह रहा कि मरीजों को अस्पताल ले जा रही एक 108 एम्बुलेंस भी इस भीषण जाम में काफी देर तक फंसी रही। आपातकालीन सेवा का वाहन सायरन बजाते हुए रास्ता तलाशता रहा, लेकिन मौके पर यातायात को सुचारू करने या एम्बुलेंस को निकलवाने के लिए एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।

घंटों तक अपनी गाड़ियों में फंसे वाहन चालक लगातार हॉर्न बजाते रहे, मगर प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नजर नहीं आई। अंततः परेशान होकर कई वाहन चालकों ने मुख्य मार्ग छोड़कर आसपास की संकरी गलियों से निकलने का प्रयास किया, जिससे वहां भी अव्यवस्था फैल गई।

ट्रैफिक जाम अब रोजमर्रा की समस्या बना

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों का कहना है कि ट्रैफिक जाम अब शहर की रोजमर्रा की समस्या बन चुका है। जाम में फंसे एक वाहन चालक ने पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि वे लंबे समय से यही स्थिति झेल रहे हैं और रोजाना समय पर गंतव्य तक पहुंचने के लिए गली-मोहल्लों के रास्तों का सहारा लेने को मजबूर हैं। मंगलवार को हालात सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक बदतर रहे।

रहवासियों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि निर्माण स्थलों के आसपास नियमित रूप से पुलिस जवानों की तैनाती की जाए और यातायात प्रबंधन को दुरुस्त किया जाए, ताकि भविष्य में 108 एम्बुलेंस जैसी जीवनरक्षक सेवाओं को तुरंत रास्ता मिल सके और किसी मरीज की जान खतरे में न पड़े।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को किया सम्मानित

इंदौर। पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत आज पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 13 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अति पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या) श्री आर.के. सिंह सहित उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियो ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

भाजपा आज मनाएगी संविधान गौरव दिवस

इंदौर। भाजपा द्वारा कल 26 नवंबर को शाम 5 बजे भाजपा कार्यालय पर संविधान गौरव दिवस मनाया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा एवं कैलाश पीपले ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। नेताओं ने बताया कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि संविधान गौरव दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों, आदर्शों और उसकी महत्ता को जन-जन तक पहुंचाना है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संविधान सभा के सदस्यों के योगदान का स्मरण करना है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती राधिका चावड़ा पतिश्री कार्तिक चावड़ा** के द्वारा कुशाभाउ ठाकरे झोन क्र. 16 पर राजस्व विभाग में आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयत नामे की प्रति प्रस्तुत कर सर्विस/ पिन **1001236769** पता **भूखण्ड क्र. 145 नया, पुराना 133, विजय श्री नगर एक्स. ग्राम सिरपुर, इंदौर** पर स्थित संपत्ति का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **26.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 16 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती कुसुम फालके पतिश्री रामचंद्र फालके** द्वारा झोन क्रमांक 2, वार्ड क्र. 69 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसियत नामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/ पिन **1000867112** पता **19-1-2 नया 20, छोटा सराफा, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सुचना प्रकाशन दिनांक **26.11.2026** से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नाम पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 2 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना लेखा प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 2 नगर पालिक निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पूजा फालके पतिश्री दीपक फालके** द्वारा झोन क्रमांक 2, वार्ड क्र. 69 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसियत नामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/ पिन **1000279744** पता **19-1-2, छोटा सराफा, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सुचना प्रकाशन दिनांक **26.11.2026** से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नाम पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 2 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना लेखा प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 2 नगर पालिक निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री दीपक फालके पिताश्री रामचंद्र फालके** द्वारा झोन क्रमांक 2, वार्ड क्र. 69 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसियत नामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/ पिन **1000867112** पता **20, छोटा सराफा, सुरणा मार्केट, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सुचना प्रकाशन दिनांक **26.11.2026** से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नाम पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 2 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना लेखा प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 2 नगर पालिक निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **श्रीमती शीला पति स्व. श्री सतीशचंद्र गुप्ता** के द्वारा झोन **क्रमांक 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर पता **2330, सेक्टर-ई, सुदामा नगर, इन्दौर** के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामांतरण क्रेता **(1) अक्षय पिताश्री किशोर सुनेल उर्फ किशोरीलाल (2) किरण पतिश्री किशोरीलाल सुनेल (3) किशोरीलाल पिताश्री बिहारीलाल सुनेल** के नाम पर चाहा गया है। पिन नं. **1001229179** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **26.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, वित्त संस्था, बैंक, निकाय को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 14** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, राजेंद्र धारकर झोन, झोन क्रमांक 14 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विक्रेता **शोभना विरेन्द्र कुमार** क्रेता **श्री गौरव माकीजा (एचयूएफ)** पिन क्र. **1002999703 झोन क्र. 07 वार्ड** क्र. 34। पता **प्र. क्र. 211-ए, 211-बी, स्कीम नं. 54, जीव्ही-3, इन्दौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **26.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 07** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी (स्कीम नं. 54) झोन क्रमांक 07 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। 1. **नवीन पिता श्री जगदीश गुप्ता** 2. **दीपिका पतिश्री नवीन गुप्ता** पिन **1001041333** झोन क्र. 08, वार्ड क्र. 37। पता **611-एम.आर.-3, महालक्ष्मी नगर, इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **26.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 08 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, शहीद चन्द्रशेखर आजाद झोन क्रमांक 08 नगर पालिका निगम इंदौर

पुस्तक पर चर्चा एवं पाठकीय समीक्षा

पिता के जीवन संघर्ष की गाथा समत्व का पथिक



'समत्व का पथिक' शैली भागवत 'आस' द्वारा अपने पिता को समर्पित उनके जीवन संघर्ष की गाथा है। शैली भागवत 'आस' वर्तमान दौर की अखिल भारतीय स्तर की साहित्यकार हैं, वे लगातार साहित्यिक मंच व पत्र -पत्रिकाओं में अपनी सार्थक उपस्थिति बनाए हुए हैं। पिता के संघर्ष को उकेरती इस किताब के लिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। अपने पिता रामेश्वर दयाल शर्मा, जिन्हें हम सब आर. डी.शर्मा कहते हैं और लेखिका की कथा के नायक रामेश्वर पर, निष्पक्ष- बेबाक पुस्तक लेखन आकाश में सुराख करने से भी दुष्कर कार्य है,और वह शैली ने कर दिखाया है। वह लेखन से गुजरते हुए मात्र पुत्री नहीं बनी रहतीं बल्कि एक परिपक्व साहित्यकार की तरह कथा के नायक 'रामेश्वर' के जीवन संघर्ष की कहानी बिना लाग लपेट के बिना आवरण उद्घाटित करती हैं। श्री आलोक दुष्यंत त्यागी ,हरे राम बाजपेई, कुमार अंबुज और उमंग परिवार की ओर से यतीश श्रीवास्तव द्वारा लिखे गए शुभकामना संदेश, पुस्तक के स्तरीय लेखन के प्रमाण हैं।

पुस्तक का विमोचन भी प्रख्यात साहित्यकार कुमार अंबुज एवं रमेश शर्मा द्वारा किया गया। उमंग परिवार के पिछले मासिक मिलन कार्यक्रम में हमारे कई साथियों ने संक्षिप्त चर्चा में कहा था कि हमने पुस्तक एक बैठक में ही पढ़ डाली, सत्य है पुस्तक इतनी रोचक तरीके से लिखी गई है कि पाठक इसे एक बैठक में ही पढ़ जाता है। लेखिका ने पुस्तक का कलेवर पूरी जागरूकता के साथ संतुलित रखा है इसके लिए उन्होंने बहुत से प्रसंग अनकहे ही छोड़ दिए हैं यह बात पुस्तक के पाठक और हम-आप जैसे अंतरंग साथी समझ सकते हैं। पुस्तक के 27 अध्यायों में लेखिका ने इस जीवन गाथा को वर्णित किया है इसमें न तो विषयों को अनावश्यक विस्तार दिया गया है और न ही महत्वपूर्ण विषयों को छोड़ा गया हैं। कथा में कल-कल बहती नदी की तरह प्रवाह बना रहता है और पाठक इसमें बहता जाता है ऐसा महसूस करता है कि अरे यह तो मेरी ही कहानी है।

यह बात लेखिका की लेखन शैली और अभिव्यक्ति के सुंदर, रोचक, संतुलित तालमेल का ही प्रमाण है। हम पुस्तक के 27 अध्यायों पर दृष्टि डालें तो लगता है कि हर अध्याय अपनी अलग कहानी द्वारा स्मृति में दर्ज.हो रहा है। छाया चित्रों द्वारा पुस्तक को और भी रोचक बना दिया गया है जो घटनाओं को प्रमाणिकता प्रदान करते हैं।

पुस्तक हमें जहाँ -जहाँ ले जाती है उनमें जन्म स्थान सहराई ग्राम,वहां का परिवेश ,अशोक नगर पहुंचना, गुना कॉलेज और वहां अध्ययन के साथ राजनीति व खेलों से जुड़ाव ,फिर बैंक में नौकरी, क्रिकेट के इलेवन स्टार क्लब का गठन, रोटरी -रोट्रेक्ट क्लब में सक्रिय भागीदारी, विवाह बंधन, परिवार की जवाबदारियाँ, अधिकारी बनकर विदिशा पहुंचना, छोटे भाई बहनों की शादियां,भवन निर्माण, विदिशा, बासौदा, बरेठ, रायसेन, शाजापुर, इंदौर, भोपाल में बैंक दायित्वों का निर्वहन, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य के साथ निरंतर आगे बढ़ना, साथ ही अधिकारी एसोसिएशन के माध्यम से सभी साथियों का मार्गदर्शन व संरक्षण, प्राची के गठन पर साहित्य में सक्रिय नेतृत्व, विदिशा लीड बैंक अधिकारी के जिम्मेदार पद से बैंक सेवा से ससम्मान निवृत्ति, लेखिका ने ये सब कुछ, जिम्मेदार साहित्यकार का दायित्व निर्वहन करते हुए इस पुस्तक के रूप में प्रस्तुत करके, पाठकों पर बड़ा उपकार किया है। अपनी बात में लेखिका शैली भागवत ने लिखा है इस कृति को लिखते हुए मैंने अपनी लेखनी में रामेश्वर के जीवन जैसी ही प्रामाणिकता और सुचिता बनाए रखने का प्रयास किया है। यही पंक्तियाँ इस पुस्तक की प्रामाणिकता और सुचिता को भी बयां करती हैं। दिल्ली के साहित्य श्री प्रकाशन से प्रकाशित इस पुस्तक का आकर्षक कवर और छपाई इसे संग्रहणीय बनाता है। लेखिका को हार्दिक बधाई,जो कि उन्होंने अथक परिश्रम करके कम समय में यह पुस्तक पाठकों को उपलब्ध कराई।

ओमप्रकाश शर्मा,
रिटायर्ड बैंक कर्मी भोपाल

जहरीली शराब कांड : डेढ़ महीने बाद एक और मौत

मृतकों की संख्या 14 हुई, 12 अक्टूबर को शराब पीने के बाद बिगड़ी थी तबीयत, आंखों की रोशनी और सुनने की क्षमता भी प्रभावित हुई थी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। चंदाना-बिंजाना जहरीली शराब कांड में एक और पीड़ित राकेश जेठीवाल की बुधवार सुबह मौत हो गई। इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में करीब डेढ़ महीने तक चले उपचार के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही इस मामले में जान गंवाने वालों की संख्या 14 हो गई है।

जानकारी के अनुसार, राकेश ने 12 अक्टूबर को शराब पी थी। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और परिजन उन्हें उपचार के लिए अरबिंदो अस्पताल ले गए। वे करीब 10 दिन तक वेंटिलेटर पर रहे। हालत में कुछ सुधार होने पर उन्हें घर भेज दिया गया था, लेकिन



उनकी स्थिति पूरी तरह ठीक नहीं हुई। परिजनों के मुताबिक, इलाज के दौरान उनकी आंखों की रोशनी चली गई थी और सुनने में भी परेशानी होने लगी थी। बुधवार सुबह तबीयत फिर बिगड़ने पर बड़ा भाई दीपक और मां उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिवार पर आर्थिक संकट

राकेश के रिश्तेदार रमेश प्रजापति ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज के लिए लोगों से मदद लेनी पड़ती थी। बुधवार को भी किराए का वाहन लेकर उन्हें इंदौर ले जाया गया था। राकेश ही परिवार में कमाने वाले थे। पिछले दो महीने से उनकी आय बंद थी। उनके तीन छोटे बच्चे हैं। मौत के बाद बच्चों की पढ़ाई, परवरिश और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पत्नी पर आ गई है। परिजनों का कहना है कि अब तक उन्हें कहीं से आर्थिक सहायता नहीं मिली है।

27 सितंबर से शुरू हुआ था मौतों का सिलसिला

चंदाना-बिंजाना में जहरीली शराब से मौतों का सिलसिला 27 सितंबर को किशोर परमार की मौत के साथ शुरू हुआ था। इसके बाद अक्टूबर में भी कई लोगों की जान गई। शराब पीने के बाद पीड़ितों को पेट दर्द, चक्कर, घबराहट और उल्टी जैसी शिकायतें हुई थीं। 17 अक्टूबर को तबीयत बिगड़ने पर संजू (32) और फूल सिंह (55) को इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां कुछ दिन बाद उनकी भी मौत हो गई।

ग्रामीण विकास परमार और अन्य लोगों ने आरोप लगाया था कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब बेची जा रही थी। लाइसेंसी दुकान करीब तीन किलोमीटर दूर होने के कारण लोग गांव में ही अवैध ठिकानों से शराब खरीदते थे।

नकली शराब बनाने के लिए एआई से जुटाई थी जानकारी

उल्लेखनीय है कि इस गंभीर मामले का पुलिस ने 27 अक्टूबर को खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि आरोपियों ने एआई की मदद से नकली शराब बनाने का तरीका खोजा था। इंदौर के दवा बाजार से केमिकल मंगवाया गया था। केमिकल की आपूर्ति, नकली शराब तैयार करने और उसे गांवों तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग लोग नेटवर्क में शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में कुल 14 लोगों को आरोपी बनाया है, जिनमें से तीन अब भी फरार बताए जा रहे हैं।

डिंडौरी में जमीन मुआवजा विवाद, हेड कॉन्स्टेबल पर 5 लाख लेने व धमकी देने का आरोप

नोटों से भरा हुआ थैला लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं 4 बहनें

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

डिंडौरी। बांध की डूब में आई जमीन के मुआवजे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। बुधवार को चार बहनें नोटों से भरा थैला लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं और अपनी बहन के पति (जीजा) से मुआवजे की राशि में से 5 लाख रुपए और दिलाने की गुहार लगाई। वहीं, इसी मामले में जीजा ने विक्रमपुर पुलिस चौकी में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल सत्येंद्र पटेल पर 5 लाख रुपए लेने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।

मामले के अनुसार, मरवारी निवासी भादू सिंह और फुली बाई की कोई संतान नहीं थी, उनकी छह बेटियां कलावती, कलिया, मल्ली, हेमवती, भगवती और रजनी हैं। माता-पिता ने बुढ़ापे में सहारे के लिए मल्ली बाई और उनके पति चूरामन भरिया को अपने साथ रखा था। भादू सिंह



का 1998 और फुली बाई का 1999 में निधन हो गया, जिसके बाद सभी बहनों ने मिलकर अंतिम संस्कार की रस्में निभाईं। मल्ली बाई और चूरामन के नाम पर 16 एकड़ जमीन का दान-पत्र था, जिस पर वे खेती करते थे। राघोपुर बहु-उद्देशीय बांध प्रोजेक्ट में यह 16 एकड़ जमीन डूब क्षेत्र में आ गई, जिसके लिए 29 लाख 80 हजार रुपए का मुआवजा तय हुआ। मुआवजे की भनक लगते ही चार बहनें हिस्सा मांगने गांव पहुंचीं, लेकिन गांव की पंचायत में सहमति नहीं बन सकी।

दोनों पक्षों में 10 लाख रुपए पर समझौता

इसके बाद चारों बहनों ने 13 नवंबर को विक्रमपुर पुलिस चौकी में शिकायत की, जो हेड कॉन्स्टेबल सत्येंद्र पटेल के पास पहुंची। उन्होंने कोर्ट जाने की सलाह दी, लेकिन बहनों ने गरीब होने का हवाला देकर मामला वहीं सुलझाने की बात कही। आरोप है कि प्रधान आरक्षक ने चूरामन को फोन किया और दोनों पक्षों में 10 लाख रुपए पर समझौता हुआ, जिसमें 5 लाख रुपए नकद तथा शेष 5 लाख रुपए बैंक से लाकर देने की बात तय हुई।

एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की

चूरामन भरिया ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की कि मुआवजे में से प्रधान आरक्षक सत्येंद्र पटेल ने 5 लाख रुपए ले लिए और झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मंगलवार को कलावती, हेमवती, भगवती और कलिया ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई और बुधवार को 5 लाख रुपए लेकर फिर पहुंचीं। इस पर एसपी आशीष खरे ने बहनों को आपसी सहमति, पंचायत, कलेक्टर कार्यालय या सिविल कोर्ट जाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराध पर कार्रवाई करती है, जबकि प्रधान आरक्षक द्वारा पैसे लिए जाने के मामले में कहा कि शिकायत के चलते संभवतः उन्होंने हस्तक्षेप किया हो।

21 माह की गोमाता किशोरी कर रही है नर्मदा की परिक्रमा



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। कभी पैर में गंभीर संक्रमण के चलते डॉक्टरों द्वारा पैर काटने की सलाह पाने वाली 21 महीने की गोमाता किशोरी अब पूरी तरह स्वस्थ होकर मां नर्मदा की परिक्रमा कर रही है। मानपुर (इंदौर) निवासी गौसेवक अशोक जाट के साथ निकली यह परिक्रमा यात्रा बुधवार को खरगोन के बलगांव इलाके से आगे बढ़ी।

अशोक जाट के अनुसार, 13 महीने की उम्र में किशोरी का पैर टूट गया था, जिस पर प्लास्टर चढ़ाया गया। प्लास्टर खुलने के बाद पैर में गहरा घाव हो गया और संक्रमण बढ़ने लगा। स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने पैर काटने की बात कही, जिस पर अशोक ने मां नर्मदा से मन्नत मानी कि किशोरी ठीक हो गई तो वे उसके साथ परिक्रमा करेंगे। समय के साथ किशोरी के पैर में सुधार हुआ और वह स्वस्थ हो गई।

देवउठनी एकादशी पर ओंकारेश्वर से शुरु हुई परिक्रमा

मन्नत पूरी करने के लिए अशोक जाट ने देवउठनी एकादशी पर ओंकारेश्वर से परिक्रमा का शुभारंभ किया। गौसेवक अशोक जाट ने संकल्प लिया है कि गोमाता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिलने तथा गोचर भूमि सुरक्षित होने तक वे प्रतिवर्ष किशोरी के साथ नर्मदा परिक्रमा करेंगे। उनका मानना है कि गोचर भूमि के संरक्षण से गोवंश के लिए चारे और आश्रय की समुचित व्यवस्था हो सकेगी। संतों के मुताबिक, परिक्रमा के दौरान नदी, पहाड़ और जंगलों के दुर्गम मार्गों पर किशोरी कई बार स्वयं ही रास्ता चुन लेती है।

नाबालिगों के दुष्कर्मियों के मकानों पर चला बुलडोजर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

विदिशा। नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म के मामलों के आरोपियों के मकानों पर नगर पालिका द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई बुधवार को दिनभर चर्चा में रही। नगर पालिका ने तोपपुरा क्षेत्र में आरोपी चांदू खां उर्फ चांद मियां के तीन मंजिला मकान और खामबाबा इलाके में शरद गोस्वामी के मकान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

तोपपुरा में दो जेसीबी और एक पोकलेन की मदद से दोपहर करीब दो बजे तक मकान का अगला हिस्सा ढहाया गया, जिसके बाद कार्रवाई थम गई। इसी बीच सोशल मीडिया पर कोर्ट के स्टे की कॉपी



वायरल होने से चचाओं का दौर शुरू हो गया, लेकिन देर शाम नगर पालिका सीएमओ लाल सिंह ने स्पष्ट किया कि नगर पालिका को ऐसी कोई स्टे कॉपी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि चांदू खां का मकान घनी आबादी वाले इलाके में सटे हुए घरों के बीच स्थित है, इसलिए पड़ोसी मकानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे भवन के बजाय केवल अगला हिस्सा गिराने की योजना थी, जो दोपहर तक पूरी कर ली गई। नगर पालिका के इंजीनियर आरके वर्मा ने बताया कि पार्षदों की शिकायत के बाद नोटिस देकर जमीन और निर्माण अनुमति से जुड़े दस्तावेज मांगे गए थे, किंतु वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए गए। इसी आधार पर अवैध निर्माण व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हुई और नियमानुसार इसका खर्च भी संबंधित पक्षों से वसूला जाएगा। वहीं, खामबाबा क्षेत्र में शरद गोस्वामी के 10 बाय 15 फीट के मकान के अतिक्रमण पर भी बुलडोजर चलाया गया; सीएमओ के अनुसार परिजन को 13 व 16 नवंबर को नोटिस दिए गए थे, पर दस्तावेज नहीं मिले। 14 नवंबर को सामने आए दुष्कर्म के तीन मामलों के बाद तीसरे आरोपी विशाल किरार की संपत्तियों के कागजातों की भी जांच जारी है और गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई होगी।

19 वर्षीय आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार, रिमांड मिला

कोतवाली पुलिस ने फरार 19 वर्षीय आरोपी राकेश अहिरवार (निवासी दुर्जनपुरा) को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया है। उससे शरद गोस्वामी और घटना में प्रयुक्त स्कूटी के बारे में पूछताछ की जा रही है, दोनों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित था। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान जिला बल के साथ बाहर से करीब 150 अतिरिक्त जवान तैनात किए गए थे।

आज कई इलाकों में बिजली कटौती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। शहर के करीब 55 इलाकों में गुरुवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी। उनमें सूरज नगर, बरखेड़ीकलां, बिसनखेड़ा, हमीदिया रोड, अशोका गार्डन, प्रगति नगर, गिरनार वैली, बीडीए कॉलोनी, खानूगांव चौराहा, जाटखेड़ी समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े।

दिल्ली दौरे पर सीएम: सीतारमण पाटिल और शिवराज सिंह से मुलाकात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अपने नई दिल्ली प्रवास के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और नवरत्न सार्वजनिक उपक्रम एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के.पी. महादेवस्वामी से भेंट की। इन बैठकों में प्रदेश के जल संसाधन, शहरी पुनर्विकास, अधोसंरचना, वित्तीय संसाधन तथा कृषि व ग्रामीण विकास से संबंधित विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्तव्य भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर प्रदेश के लंबित वित्तीय विषयों, विकासात्मक प्राथमिकताओं और आर्थिक हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य के समग्र विकास, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से भी वित्त मंत्री को अवगत कराया। वहीं, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से उनके निवास पर सौजन्य भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधनों के विकास, पेयजल उपलब्धता और जल जीवन मिशन से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण का आग्रह किया।



शिवराज सिंह से कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी विषयों पर संवाद

इसके अतिरिक्त, सीएम ने कृषि भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर प्रदेश के कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी विषयों पर संवाद किया, जिसमें मप्र के पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल और कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना भी उपस्थित रहे। उधर, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के सीएमडी के.पी. महादेवस्वामी ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर निगम के कार्यों की जानकारी दी और मध्यप्रदेश में स्लम पुनर्वास, शहरी पुनर्विकास तथा अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं में कार्य करने की इच्छा जताई।



सम्पादकीय

पंजाब के हितों को देनी होगी प्राथमिकता

पिछले कुछ महीनों से पंजाब व दिल्ली में भाजपा व अकाली दल की तरफ से जिस तरह की बयानबाजियां और राजनीतिक हलचल सामने आ रही थी, उसके निहितार्थ स्पष्ट ही थे। जो संकेत दे रहे थे कि पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का फिर एक बार साथ आना लगभग तय ही है। वर्ष 2027 के आसन्न पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इन दोनों दलों का साथ आने का फैसला बताता है कि यह गठबंधन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनौती देने के ठोस प्रयास कर कर रहा है। इस गठबंधन की घोषणा गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर की गई है, जिसके ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक, दोनों ही तरह के महत्व हैं। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल ने पहली बार तीन दशक पहले भी हाथ मिलाया था।

उस समय इस गठबंधन को आतंकवाद से उबरते पंजाब में हिंदू-सिख एकता के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। कालांतर दोनों दलों के रिश्तों में खटास उस समय आई, जब केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन विवादित कानूनों के विरोध में व्यापक जनाक्रोश दिखा। किसानों के आक्रोश के चलते अकाली दल को अपना जनाधार खिसकता नजर आया था। कालांतर वर्ष 2020 में अकाली दल ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। बहरहाल, इस गठबंधन की घोषणा के बाद जिस तरह के बयान गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से आए हैं, वह दर्शाता है कि पिछले एक दशक में शिरोमणि अकाली दल के सिमटते जनाधार के बावजूद इस क्षेत्रीय दल को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है। अमित शाह ने गठबंधन की घोषणा के बाद कहा कि अकाली दल पंजाब में बड़े भाई की भूमिका में रहेगा। साथ ही यदि गठबंधन की जीत हुई तो मुख्यमंत्री पद अकाली दल को ही मिलेगा। वैसे यह एक हकीकत है कि इस गठबंधन के बावजूद पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल देना आसान भी नहीं होगा। वैसे आज भी शिरोमणि अकाली दल पर साल 2025 की बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद हुए राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शनों का बोझ है। जिसने उस समय अकाली सरकार को हिलाकर रख दिया था। वहीं, केंद्र में सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ तीन कृषि कानूनों को लेकर उपजे गुस्से को पूरी तरह समाप्त नहीं समझ लेना चाहिए। तब किसान काफी नाराज हुए थे और उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर पूरे एक साल तक आंदोलन किया था। अंततः नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बावजूद आगामी चुनावों में भाजपा को कोई सकारात्मक प्रतिसाद पंजाब की जनता की तरफ से नहीं मिला था। तीन माह बाद, 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सिर्फ दो सीटों में ही संतोष करना पड़ा था। कमोबेश शिअद की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं रही थी। उसे तब सिर्फ तीन ही सीटें मिली थीं। निस्संदेह, यह अकाली दल का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। इसके विपरीत आम आदमी पार्टी ने तब रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी। बहरहाल, भाजपा और शिअद के इस पुनर्मिलन से दो मुख्य सवाल खड़े होते हैं। क्या इस गठबंधन के पीछे पंजाब के उन्नयन को लेकर कोई साझा विज़न है? या ये फिर महज चुनावी गणित ही है? सवाल यह भी है कि क्या यह गठबंधन दोनों दलों के लिये लाभदायक साबित होगा? निस्संदेह, आज पंजाब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें आर्थिक दबाव भी एक बड़ा कारण है। राज्य गंभीर बेरोजगारी की चपेट में है। वहीं राज्य में नशीले पदार्थों का बढ़ता कारोबार व सेवन एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, भाजपा ने पंजाब में नशे के खात्मे को अपनी प्राथमिकता बताया है और नशामुक्त पंजाब का रोडमैप भी सार्वजनिक किया है।

जोनाथन का जीनोम खोलेगा लंबी उम्र का राज

मुकुल व्यास

कछुए धरती पर सबसे लंबी उम्र वाले जीवों में गिने जाते हैं। दुनिया के कुछ द्वीपों में रहने वाले विशाल कछुओं की उम्र 150 साल या उससे भी अधिक हो सकती है। इस समय दुनिया का सबसे उम्रदराज कछुआ दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित सेंट हेलेना द्वीप पर रह रहा है। जोनाथन नाम के इस विशाल कछुए के डीएनए में बुढ़ापे को रोकने के राज छिपे हुए हैं। इस कछुए में 287 ऐसे अनोखे जीन वेरिएंट पाए गए हैं, जो डीएनए की मरम्मत और बुढ़ापे से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इनसे इंसानों के इलाज के लिए कुछ अहम सुराग मिल सकते हैं।

जोनाथन जब 1832 में पैदा हुआ था, तब चार्ल्स डार्विन एक युवा खोजकर्ता थे और महारानी विक्टोरिया ने अभी तक गद्दी नहीं संभाली थी। हैरानी की बात यह है कि लगभग दो सदियां बीत जाने के बाद भी जोनाथन जीवित है। वैज्ञानिकों को उसके शरीर में कुछ खास बातें देखने को मिली हैं। 194 साल की अनुमानित उम्र होने के बावजूद जोनाथन के डीएनए में मरम्मत और मेटाबॉलिज्म (चयापचय) को नियंत्रित करने वाले ऐसे आनुवंशिक तंत्र हैं, जो बहुत कम उम्र के कछुओं से काफी मिलते-जुलते हैं।

पिछले 144 सालों से जोनाथन सेंट हेलेना द्वीप पर रह रहा है। वह 1882 में सेशेल्स से सेंट हेलेना के गवर्नर को उपहार के तौर पर दिया गया था। उस समय वह पूरी तरह विकसित हो चुका था और तब से उसने अपनी जिंदगी का अधिकांश समय गवर्नर के निवास 'प्लांटेशन हाउस' के परिसर में घूमते हुए बिताया है। जोनाथन की लंबी उम्र के पीछे के जैविक कारणों का पता लगाने के लिए अमेरिका की कैलेल नामक संस्था के शोधकर्ताओं ने उसके डीएनए और उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले तंत्र की जांच की।



यह संस्था दीर्घायु पर शोध करती है। किसी विशाल कछुए के 'एपिजीनोम' (जीन को चालू या बंद करने वाले स्विच की प्रणाली) की जांच करने वाला यह पहला अध्ययन है। ये स्विच आमतौर पर समय के साथ बदलते रहते हैं, जिससे बुढ़ापा आता है। लेकिन जब शोधकर्ताओं ने जोनाथन के एपिजीनोम की तुलना कम उम्र के विशाल अल्डाबरा कछुओं से की, तो उन्हें डीएनए की मरम्मत और मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने वाले स्विच में बहुत समान पैटर्न देखने को मिले। अल्डाबरा कछुओं का जीवनकाल 100 से 150 साल के बीच होता है। इस अध्ययन में शामिल कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक डॉ. जस्टिन गेरलाक ने बताया कि जोनाथन में ऊर्जा उत्पादन और डीएनए की मरम्मत से जुड़े जीन रेगुलेटर लगभग दो सदियों से बेहद स्थिर बने हुए हैं। शोधकर्ताओं ने 194 वर्षीय जोनाथन में 287 ऐसे खास जीन वेरिएंट की पहचान की है, जो उम्र बढ़ने के सामान्य प्रभावों को कम करते हैं। ये वेरिएंट क्षतिग्रस्त डीएनए की मरम्मत, सूजन को कम करने, इंसुलिन को नियंत्रित करने और कैंसर को रोकने जैसी प्रक्रियाओं में भूमिका निभाते हैं। डीएनए और एपिजीनोम से मिले नतीजे बताते हैं कि जोनाथन में सुरक्षात्मक आनुवंशिक विशेषताओं और प्रमुख जीनों के नियमन में स्थिरता का अनूठा मेल है।

गेरलाक ने कई दशकों तक विशाल कछुओं के पारिस्थिति की तंत्र और उनके संरक्षण का अध्ययन किया है, लेकिन उनकी असाधारण रूप से लंबी उम्र पर यह उनका पहला शोध है।

गैलापागोस और सेशेल्स द्वीपों के विशाल कछुए उन जानवरों के आखिरी बचे हुए प्रतिनिधि हैं, जिनका कभी दुनिया के कई द्वीपों के पारिस्थितिकी तंत्र में दबदबा हुआ करता था। दुनिया में बहुत कम ऐसे जीव हैं, जो हमें गैलापागोस और सेशेल्स द्वीपों के विशाल कछुओं की तुलना में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी दे सकते हैं। इस अध्ययन के वरिष्ठ लेखक स्टीफन क्लार्क का कहना है कि प्रकृति ने उम्र बढ़ने की पहेली को पहले ही अद्भुत तरीकों से सुलझा लिया है। जोनाथन का जीनोम (जीनों का संपूर्ण समूह) सेल्युलर रेजिलिएंस यानी कोशिकाओं की सहनशक्ति और जीवटता का खाका प्रस्तुत करता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अच्छे जीन और आनुवंशिक क्षति से बचाव की क्षमता के कारण ही जोनाथन लगभग दो सदियों तक जीवित रह पाया है। वैज्ञानिकों का लक्ष्य इस नई खोज का उपयोग आम लोगों के लिए व्यावहारिक और किफायती इलाज विकसित करने में करना है। बढ़ती उम्र लगभग हर उस पुरानी बीमारी के लिए सबसे बड़ा जोखिम कारक है, जिसका हम सामना करते हैं।

इस बीच, एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि इटली के सार्डिनिया द्वीप पर स्थित बोलोटाना नामक पहाड़ी गांव की महिलाएं असाधारण रूप से लंबी उम्र जीती हैं।

धर्म-ज्योतिष

8वीं शताब्दी से भी पुराना है केरल का पद्मनाभस्वामी मंदिर

भारत को मंदिरों का देश कहा जाता है और देश में कई प्राचीन मंदिर है। यह प्राचीन मंदिर और अपने वैभव दुनियाभर में जाने जाते हैं। केरल का श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु के पद्मनाभस्वामी को समर्पित है। पद्मनाभस्वामी का अर्थ है कि जिनकी नाभि में कमल है। धार्मिक मान्यता है कि इस स्थान पर श्रीहरि विष्णु की प्रतिमा प्राप्त होने के बाद यहां पर मंदिर का निर्माण कराया गया था। केरल के इस प्राचीन और फेमस मंदिर में दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं।



वहीं इस मंदिर का खजाना भी मंदिर के नीचे बने तहखानों में हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा और रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं। साल 2011 में मंदिर के तहखानों की जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गई थी। मंदिर के तहखाने में 1 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित कीमती धातुओं से बने सिंहासन और मूर्तियां मिलीं। मंदिर के खजाने की जांच के दौरान 6 तहखाने मिले। इन 6 तहखानों को ए, बी, सी, डी, ई, और एफ वॉल्ट का नाम दिया गया है। हालांकि सभी वॉल्ट की जांच नहीं हो पाई।

समसामयिक

बर्बरता व विस्थापन के त्रास और धूमिल आस

आजादी के ठीक बाद पाकिस्तानी कबायली आक्रमण व हफ्तों की भीषण घेराबंदी के बाद ऐतिहासिक शहर मीरपुर का पतन हुआ। 25 नवंबर, 1947 को हमले के बाद हुआ सामूहिक नरसंहार, बड़े पैमाने पर अपहरण, लूटपाट और जबरन निष्कासन का एक सुनियोजित षड्यंत्र था। हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। हर साल 25 नवंबर को मीरपुर के विस्थापित परिवार 'मीरपुर बलिदान दिवस' मनाते हैं। यह दिन जीवित बचे लोगों और वंशजों के लिए यह रिसता गहरा घाव है। जो समेटे हुए हिंसक विस्थापन, कूटनीतिक विस्मृति और संस्थागत उपेक्षा के उन्यासी वर्षों का दर्द।

मीरपुर के लोगों ने किसी युद्ध के दौरान पराजित पक्ष के साथ आदिम क्रूरता झेली। यह सामूहिक नरसंहार, सामूहिक अपहरण, लूटपाट और बेदखली का सुनियोजित षड्यंत्र था। महिलाओं का अपहरण कर अमानवीय अत्याचार किए गए; समाज के बुजुर्गों,



पेशेवरों और नागरिक नेताओं की निर्मम हत्या की गई। रातों-रात मीरपुर, भीमबर, कोटली, मुजफ्फराबाद और पुंछ के मूल निवासियों के घर, व्यवसाय, उपजाऊ जमीनें और पवित्र धर्मस्थल छीन लिए गए—उन्हें केवल तन के कपड़ों के साथ बाहर खदेड़ दिया गया। मीरपुर की त्रासदी स्वतंत्र भारत के कूटनीतिक अभिलेखों में काले अक्षरों में दर्ज है। मीरपुर के पतन के महज सात दिन बाद 2 दिसंबर, 1947 को—प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को एक अर्जेंट टेलीग्राम भेजा था। जो नेहरू अभिलेखागार में सुरक्षित है और भारत सरकार के 'जम्मू और कश्मीर पर श्वेत पत्र' में पुनः प्रकाशित हुआ। नेहरू ने कहा था 'मीरपुर शहर पूरी तरह से नष्ट हो चुका है।' उन्होंने दर्ज किया कि 13,000 गैर-मुस्लिमों में से केवल 2,000 ही किसी तरह जान बचाकर भारत पहुंच पाए थे। उन्होंने हजारों लापता शरणार्थियों और बड़ी संख्या में अपहृत हिंदू महिलाओं को लेकर गहरी चिंता जतायी थी। सामूहिक अत्याचार के आधिकारिक रिकॉर्ड पर दर्ज होने के बावजूद विस्थापितों के प्रति उन्यासी वर्षों की निष्क्रियता और चुप्पी का आखिर क्या औचित्य है? आठ दशकों से संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक मानवाधिकार संस्थानों ने जम्मू-कश्मीर के क्षेत्रीय विवाद का हर पहलू से विश्लेषण किया है—लेकिन मीरपुर के हिंदू-सिख अल्पसंख्यकों के नस्लीय सफाए पर उन्होंने रहस्यमय चुप्पी साधे रखी। धार्मिक पहचान के आधार पर लोगों को निशाना बनाया गया था। ऐसे अपराध जिनकी संयुक्त राष्ट्र नरसंहार कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय जांच होनी चाहिए थी।

व्यापार

आईपीओ विवाद ने पकड़ा तूल
मिस्त्री ने मोदी को दो बार लिखा पत्र

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश के सबसे प्रतिष्ठित कारोबारी घराने टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की शेयर बाजार में लिस्टिंग को लेकर जारी अंदरूनी घमासान अब देश के शीर्ष नीति-निर्माताओं तक पहुंच गया है। कर्ज के दबाव से जूझ रहे शापूरजी पालोनजी (एसपी) ग्रुप के चेयरमैन शापूर मिस्त्री ने टाटा संस के अनिवार्य आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दो बार सीधे दखल देने की अपील की है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले दस्तावेजों से सामने आए इस खुलासे ने 156 साल पुराने टाटा समूह में मालिकाना हक, कॉरपोरेट नियंत्रण और विनियामक अनुपालन को लेकर चल रही दरारों को उजागर कर दिया है। एक ओर टाटा में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक शेयरधारक एसपी ग्रुप बाजार से अपनी हिस्सेदारी भुनाना चाहता है, तो दूसरी ओर नियंत्रक शेयरधारक टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा आईपीओ टालने की कोशिश में हैं। आरटीआई दस्तावेजों के अनुसार, शापूर मिस्त्री ने 24 अक्तूबर 2025 को 'दीपावली लेटर ऑफ फेथ, होप एंड धर्म' शीर्षक से प्रधानमंत्री को ईमेल लिखकर निष्पक्षता और धर्म के आधार पर हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि टाटा ट्रस्ट्स निजी स्वार्थ और सत्ता के लिए टाटा संस को बंधक बना रहा है तथा आरबीआई के नियमों के



उल्लंघन और लिस्टिंग की समय-सीमा चूकने से अधर्म की पराकाष्ठा हो गई है। इसके बाद 12 जून 2026 को दोबारा पत्र भेजा गया। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने इन पत्रों को आरबीआई को अग्रसारित किया, हालांकि रिकॉर्ड में पीएमओ की ओर से किसी जवाब या मुलाकात का समय दिए जाने का प्रमाण नहीं है। इस विवाद की शुरुआत सितंबर 2022 में हुई थी, जब आरबीआई ने टाटा संस को अपर-लेयर एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत किया था। नियमों के तहत ऐसी संस्थाओं को तीन साल के भीतर यानी 30 सितंबर 2025 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना अनिवार्य था। इस अनिवार्यता से बचने के लिए टाटा संस ने 21,000 करोड़ से अधिक का कर्ज चुकाया और मार्च 2024 में कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी) का दर्जा वापस करने की अर्जी दी, जिसे 29 महीने बाद 11 सितंबर 2026 को आरबीआई ने खारिज कर दिया। 31 मार्च 2026 तक टाटा संस की कुल परिसंपत्तियां लगभग 2.01 लाख करोड़ रही हैं।

6,000 करोड़ खर्च घटाने का लक्ष्य, कार्गो व टूर पैकेज कारोबार में उतरेगी कंपनी

कायाकल्प की राह पर एअर इंडिया

मृदुभाषी। नई दिल्ली

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एअर इंडिया ने बढ़ते वित्तीय नुकसान और परिचालन चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े कायाकल्प (टर्नअराउंड) की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। एअर इंडिया ग्रुप ने अपने खर्चों में 6,000 करोड़ की बड़ी बचत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही कंपनी ने यात्री किराए के अलावा आमदनी के नए स्रोत तैयार करने के लिए समर्पित मालवाहक विमान (डेडिकेटेड फ्रेटर) सेवा और इन-हाउस टूर पैकेज कारोबार में उतरने की औपचारिक घोषणा की है।

अक्तूबर में एअर इंडिया के सीईओ और एमडी का पदभार संभालने वाले तेवोल्डे गेब्रेमरियम ने बुधवार को एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों के साथ करीब दो घंटे तक चले एक 'टाउन हॉल' सत्र में इस नई रणनीति



की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि कंपनी को मुनाफे में लाने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है, लेकिन बीते तीन महीनों में परिचालन प्रदर्शन में आया सुधार उत्साहजनक है। लागत नियंत्रण की इस योजना के तहत ग्रुप ने निर्धारित 6,000 करोड़ के लक्ष्य में से अब तक 3,500 करोड़ रुपये के संभावित बचत क्षेत्रों की पहचान कर ली है, जिसमें से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की बचत पहले ही हासिल की जा चुकी है। अक्तूबर में गठित बहुविषयक टीम के माध्यम से बचत के अवसर तलाशे जा रहे हैं और सीईओ ने कर्मचारियों से दैनिक कामकाज में किफायत और जवाबदेही अपनाने की अपील की है। रेवेन्यू बढ़ाने के लिए कंपनी अब कार्गो बाजार के अवसरों को भुनाने हेतु समर्पित मालवाहक विमान कारोबार शुरू करेगी, जिससे घरेलू और वैश्विक स्तर पर माल ढुलाई से आय बढ़ेगी। इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय के साथ मिलकर खुद के टूर पैकेज ऑपरेशंस शुरू किए जाएंगे, जिससे विमानन टिकटों की मांग बढ़ने के साथ जमीन पर भी अतिरिक्त राजस्व पैदा होगा। संचालन में बेहतर तालमेल के लिए एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस अलग-अलग एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट के तहत काम करते हुए भी एकीकृत ग्रुप के रूप में चलेंगी। एअर इंडिया 'फुल-सर्विस' और एअर इंडिया एक्सप्रेस पूरी तरह 'लो-कॉस्ट कैरियर' बाजार पर ध्यान केंद्रित करेगी। ग्राहकों से जुड़े कामकाज अलग रहेंगे, जबकि फाइनेंस, मानव संसाधन और आईटी जैसे सपोर्ट फंक्शंस का प्रबंधन ग्रुप स्तर पर एक साथ होगा। साथ ही, एअर इंडिया एक्सप्रेस के सीईओ दीपक राजावत को एअर इंडिया की मुख्य प्रबंधन टीम में शामिल किया जाएगा और ग्रुप स्तर पर दो नए पद भी सृजित किए जा रहे हैं। पाकिस्तान हवाई क्षेत्र बंद होने और ईंधन की बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के लिए नेटवर्क में भी फेरबदल किया गया है। अब पश्चिम की ओर जाने वाली कनेक्टिंग उड़ानों को अधिक से अधिक मुंबई के जरिए भेजा जा रहा है, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट मुख्य रूप से पूर्व की ओर जाने वाले ट्रैफिक को संभालेगा। इसके साथ ही दक्षिण भारत सहित देश भर में नए हब विकसित करने पर विचार हो रहा है। ईंधन की ऊंची कीमतों और हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में एअर इंडिया का घाटा बढ़कर 22,000 करोड़ से अधिक हो गया है। कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाते हुए गेब्रेमरियम ने कहा कि वे बाहरी वातावरण को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन एक ऐसी लचीली और मजबूत एयरलाइन जरूर बना सकते हैं जो हर चुनौती का सामना कर निरंतर आगे बढ़ सके।

सेंसेक्स 1502 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 पार

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 1502 अंक से अधिक उछलकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी ने 25,800 का अहम स्तर पार कर लिया। इस उछाल से बाजार ने सोमवार को हुई गिरावट की भरपाई कर ली है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 66 पैसे मजबूत होकर 92.19 (प्रोविजनल) के आठ महीने के हाई पर बंद हुआ।

बाजार में यह तेजी विदेशी निवेशकों की लगातार खरीदारी के कारण आई है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी बाजार की धारणा को मजबूत किया। हालांकि, अमेरिकी शुल्क को लेकर नई चिंताएं भी बनी हुई हैं। इसके बावजूद निवेशकों का भरोसा कायम रहा। बैंक और फार्मा



जैसे प्रमुख क्षेत्रों के सूचकांकों में 2 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई। रुपये ने भी डॉलर के मुकाबले अपनी स्थिति मजबूत की। यह 12 मार्च के बाद डॉलर के मुकाबले अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी का माहौल रहा। बुधवार को बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 1,502.29 अंक यानी 1.82 फीसदी की वृद्धि के साथ 83,938.28 पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 469.60 अंक यानी 1.85 फीसदी उछला। यह 25,819.25 के स्तर पर बंद हुआ। बैंक और फार्मा क्षेत्र के सूचकांकों में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह उछाल सोमवार को हुई गिरावट की भरपाई करने में सहायक रहा। बाजार में इस शानदार वृद्धि के पीछे कई कारण रहे। विदेशी निवेशकों की भारतीय इक्विटी में लगातार खरीदारी जारी रही। इससे बाजार को मजबूत सहारा मिला। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी निवेशकों के उत्साह को बढ़ाया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम कम होने से कंपनियों की लागत घटती है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जाता है।

TVS ग्रुप में संपत्ति विवाद गहराया: बराबर हिस्सेदारी की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट पहुंचीं डॉ. लक्ष्मी वेणु

चेन्नई। देश के प्रमुख औद्योगिक घराने TVS ग्रुप के वेणु श्रीनिवासन परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद बढ़ गया है। पारिवारिक संपत्ति में अपना बराबर का हिस्सा पाने के लिए डॉ. लक्ष्मी वेणु ने मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

लक्ष्मी वेणु का कहना है कि आपसी बातचीत से समाधान न निकलने के कारण उनके पास अदालत जाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा था। उनके अनुसार, परदादा और दादा की विरासत पर जितना अधिकार उनके भाई का है, उतना ही हक उनका भी बनता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बार-बार मांगने के बावजूद उन्हें संपत्ति से जुड़े जरूरी दस्तावेज और स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, जिसके चलते उन्हें कोर्ट



से ये कागजात दिलाने की अपील करनी पड़ी है। यह याचिका 16 नवंबर 2026 को भेजे गए उस कानूनी नोटिस के बाद दायर की गई है, जिसमें लक्ष्मी ने अपने पिता वेणु श्रीनिवासन से संपत्ति का न्यायसंगत और कानूनी बंटवारा करने की मांग की थी। अपनी याचिका में लक्ष्मी वेणु ने हिंदू उत्तराधिकार कानून के उस प्रावधान का हवाला दिया है, जो संयुक्त पारिवारिक संपत्ति में बेटियों को बेटों के समान अधिकार प्रदान करता है। उनका आरोप है कि संपत्ति के बंटवारे में उनके भाई सुदर्शन वेणु को अधिक फायदे और हिस्सेदारी दी गई, जिससे वे पीछे रह गईं। यह पूरा विवाद 'VS ट्रस्ट' और अन्य कंपनियों के माध्यम से रखी गई पारिवारिक हिस्सेदारी से जुड़ा है। इसमें वर्ष 2020 के पारिवारिक समझौते के तहत इस परिवार को मिली TVS होल्डिंग्स, TVS मोटर, TVS क्रेडिट और सुंदरम-क्लेटन जैसी प्रमुख कंपनियों की हिस्सेदारी शामिल है। लक्ष्मी का तर्क है कि साल 2020 में TVS परिवार के चार हिस्सों के बीच जो समझौता हुआ था।

अगले दो चार दिन सुबह-रात बढ़ेगी ठंड, दिन में धूप से मिलेगी आंशिक राहत, हार्ट पेशेंट ओर गंभीर बीमारियों के लोगों सतर्क रहने का आग्रह

सर्द हवाओं ने बढ़ाई मौसम में ठिठुरन, रात का पारा 12.7 डिग्री तक लुढ़का

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। जिले में सर्द हवाओं के साथ अब ठंड का असर धीरे-धीरे तेज होने लगा है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट के साथ शाम होते ही धुंध और कोहरे की स्थिति बनने लगी है। ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर कर दिया है। मौसम में बदलाव का असर अब दिन के तापमान पर भी दिखाई देने लगा है। रात का तापमान सामान्य से नीचे पहुंचने के कारण सुबह और देर रात सिहरन बढ़ रही है। मौसम में आ रहे इस बदलाव के बीच अगले दो दिनों में रात के तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है।

मौसम के इस बदलते मिजाज के बीच धार में रात का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज हुआ। रात के समय दृश्यता घटकर 1300 मीटर तक पहुंच गई, जबकि सुबह 8.30 बजे दृश्यता 1800 मीटर दर्ज की गई। शाम करीब 4 बजे से ही आसमान में बादलों और धुंध का असर दिखाई देने लगा था। इसके साथ चली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। बीते 24 घंटों में हवा की अधिकतम गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। सुबह पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

अगले दो दिन रात में बढ़ेगी ठंड दिन में खिलेगी धूप

मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार



आगामी दो दिनों में दिन के समय मौसम साफ रहने और धूप निकलने की संभावना है, लेकिन रात और सुबह ठंड का असर बना रहेगा। 24 नवंबर को अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री और न्यूनतम 13.8डिग्री रहने का अनुमान था। वहीं 25 नवंबर को अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के थी। बारिश की संभावना बेहद कम है। ऐसे में दिन में धूप से कुछ राहत मिलेगी, जबकि सुबह और रात के समय गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होगी।

हार्ट के मरीज रहें सतर्क, अचानक बढ़ सकता है प्रेशर

सर्दियों की शुरूआत के साथ हृदय रोगियों के लिए भी सावधानी बरतना जरूरी हो गया है। तापमान में गिरावट का असर केवल शरीर की बाहरी ठंडक तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव हृदय की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने लगती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसी स्थिति में दिल को शरीर में रक्त पहुंचाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। यही कारण है कि सर्दियों में हार्ट अटैक और हृदय संबंधी दूसरी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। विशेषकर बुजुर्गों, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और पहले से हृदय रोग से पीड़ित लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। सुबह कड़ाके की ठंड में अचानक घर से बाहर निकलने, पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं पहनने और बिना तैयारी के भारी शारीरिक गतिविधियां करने से बचना चाहिए। नियमित दवाइयां लेते रहें और डॉक्टर की सलाह के बिना दवाओं में बदलाव न करें। सीने में दर्द या दबाव, सांस लेने में परेशानी, ठंडा पसीना, चक्कर या अचानक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लें।

इन बातों का रखें विशेष ध्यान

-बहुत गर्म पानी से नहाने और देर तक स्नान करने से बचें। इससे त्वचा का प्राकृतिक तेल कम हो सकता है।
-नहाने के तुरंत बाद त्वचा हल्की नम रहने पर मॉश्चराइजर या क्रीम लगाएं।
- सर्दियों में धूप कम तेज महसूस होने के बावजूद बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।
- होंठों को फटने से बचाने के लिए लिप बाम या पेट्रोलियम जैली लगाएं। बार-बार जीभ से होंठ गीले न करें।
- ठंड में प्यास कम लगती है, लेकिन शरीर में पानी की कमी न होने दें।
-संवेदनशील त्वचा वाले लोग ऊनी कपड़ों के नीचे सूती कपड़े पहनें, ताकि खुजली और जलन से बचा जा सके।
- हीटर और ब्लोअर की गर्म हवा के सामने लंबे समय तक बैठने से बचें। इससे त्वचा और होंठों का रूखापन बढ़ सकता है।

माँ नर्मदा की महाआरती से गूंजे घाट, जमकर झूमे दर्शक

महेश्वर में 32वें निमाड़ उत्सव का भव्य शुभारंभ, तीन दिनों तक सजेगी लोक संस्कृति और संगीत की महफिल





मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। माँ नर्मदा जी के पावन तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 32वें निमाड़ उत्सव 2026 का रंगारंग एवं भव्य शुभारंभ हुआ। ऐतिहासिक महेश्वर घाट पर हजारों श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों की मौजूदगी में विधायक राजकुमार मेव एवं कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद ने मां नर्मदा की महाआरती कर तीन दिवसीय उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। नर्मदा तट पर दीपों की रोशनी, आरती के स्वर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं उत्सवी बना दिया।

निमाड़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, कला और संगीत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित यह उत्सव 26 नवंबर तक चलेगा।

माँ नर्मदा की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम

उत्सव का आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफल बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को किसी प्रकार की सुविधा न हो। उत्सव के पहले दिन मां नर्मदा की महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। विकास शुक्ला एवं साथियों द्वारा नर्मदा आरती की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात पूर्णिमा चतुवेर्दी एवं साथियों ने निमाड़ी गायन की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को निमाड़ की लोक संस्कृति से रूबरू कराया। पारंपरिक गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने स्थल पर समां बांध दिया।

हंसराज के भजनों की प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी की भजन संध्या रही। चंडीगढ़ से आए हंसराज रघुवंशी ने अपने लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर बड़ी संख्या में मौजूद दर्शक झूम उठे। भक्ति और संगीत के इस माहौल में विधायक राजकुमार मेव भी भजनों पर थिरकते नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर देर तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।तीन दिवसीय निमाड़ उत्सव के माध्यम से महेश्वर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को व्यापक मंच प्रदान किया जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित यह उत्सव न केवल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दे रहा है, बल्कि महेश्वर के पर्यटन को भी प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल,जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, एसडीएम पूर्वा मंडलोई सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लूट का एक साल से फरार ईनामी गिरफ्तार

खरगोन। भगवानपुरा पुलिस टीम ने सुनार से लूट के एक मामले में विगत एक साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फरार आरोपी पर एसपी ने 1 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार 4 अक्टूबर 2025 को अनूप महाजन ने थाना भगवानपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि धुलकोट से खरगोन जाते समय ढाबली नहर के पास अज्ञात बदमाशों ने बाईक से रास्ता रोककर उनका आभूषणों से भरा बैग छीन लिया था।

प्रकरण विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की सहायता से घटना में शामिल चार आरोपियों और दो विधि विरुद्ध बालकों को पकड़ा था। उनसे लूटे गए चांदी के कड़े और बाजूबंद ;कीमत तथा घटना में बाईक सहित कुल 2 लाख 22 हजार 400 रुपये का मश्रुका जब्त किया गया था। प्रकरण में फरार आरोपी पिंटू निवासी देवली दुगनी थाना वरला जिला बड़वानी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही थी। पिंटू अपनी जगहें बार.बार बदल रहा था और उस पर 1000 रुपये का इनाम भी घोषित था। लगातार रखी जा रही निगरानी और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पिंटू को गिरफ्तार कर लिया।

सम्मेलन में भाजपा ने लिया श्रीराम को जिताने का संकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



खंडवा। पंधाना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिचगोहन में जिला पंचायत खंडवा के वार्ड क्रमांक 6 के उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी श्रीराम चौधरी के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का संकल्प लिया।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र विकास की बात भाजपा के साथ ही हो सकती है, विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे जिले में अधिकांश जन प्रतिनिधि भाजपा से चुने गए हैं। विकास कार्यों के चलते पूरे जिले में भाजपा का परचम लहरा रहा है, जिला पंचायत में भी अध्यक्ष के साथ ही बड़ी संख्या में सदस्य भाजपा समर्थित है, जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 में भाजपा समवर्ती श्री राम चौधरी के निधन के पश्चात उपचुनाव होने जा रहा हैं, पार्टी संगठन ने श्री राम चौधरी को भाजपा समर्थित प्रत्याशी नियुक्त किया है,चुनाव में उन्हें विजय श्री प्राप्त हो इस हेतु चुनाव प्रचार प्रारंभ हो चुका है चुनाव को लेकर चीज चिचगोहन में सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि यह चुनाव केवल किसी प्रत्याशी की जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास, जनसेवा और जनता तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी से भी जुड़ा है।

गांव-गांव और घर-घर तक दिखाएं सक्रियता

उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि सभी आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच पहुंच कर भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्री राम भाई को अपनी सक्रियता निभाएं,उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना पार्टी कार्यकताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए। क्षेत्र के विकास को गति देने और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीराम चौधरी को उनके चुनाव चिह्न 'दो पत्तियां' पर अधिक से अधिक मतदान कराकर विजयी बनाना है। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से पार्टी ने चुनाव में संगठन की ताकत और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। साथ ही प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान को गति देने का संदेश दिया गया। सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री सूरज पाल सिंह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, विधायक छाया मोरे, विधायक नारायण पटेल, संत दुगानंद बाबा, सेवादास पटेल, अमर यादव, श्याम सिंह मौर्य,राजेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील जैन, भारत पटेल, इंदु दुबे, सागर आरतानी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रत्यासी श्रीराम चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इंजीनियर ने लगाया पार्षद पर धमकी देने का आरोप

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत मकान की पात्रता के अनुरूप जियो टैगिंग नहीं करने पर वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद एवं लोक निर्माण विभाग के सभापति सौरव कोरी पर जूनियर सिविल इंजीनियर सलमान खान को धमकाने, अभद्रता करने और शासकीय कार्य में अनुचित दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगा है।

मामले में इंजीनियर सलमान खान ने सीएमओ शिवांगी सिंह बघेल को लिखित शिकायत सौंपकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और संबंधित जनप्रतिनिधि के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 21 अक्टूबर को जूनियर सिविल इंजीनियर सलमान खान प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत जियो टैगिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद सौरव कोरी ने वार्ड निवासी रंजीत कुम्हार के मकान की जियो टैगिंग करने के लिए कहा। इंजीनियर द्वारा मौके पर पहुंचकर मकान का भौतिक सत्यापन किया गया। शिकायत में बताया गया है कि निरीक्षण के दौरान मकान का क्षेत्रफल 45 वर्ग मीटर से अधिक पाया गया तथा शौचालय सहित योजना के अन्य निर्धारित मापदंडों में भी कमियां सामने आईं। इंजीनियर ने नियमों और पात्रता संबंधी दिशा-निदेर्शों का हवाला देते हुए जियो टैगिंग करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। जूनियर इंजीनियर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जियो टैगिंग नहीं करने पर पार्षद ने उनके साथ अभद्रता की और दबाव बनाने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, कथित तौर पर उन्हें धमकी देते हुए कहा गया कि कल से नगर परिषद मत आना, यदि आए तो हाथ-पैर तुड़वा देंगे। इस संबंध में सीएमओ शिवांगी सिंह बघेल ने कहा कि पार्षद द्वारा अपने हिसाब से जियो टैगिंग कराने का प्रयास किया जा रहा था। इंजीनियर द्वारा मना करने पर उन्हें डराने-धमकाने की बात सामने आई है। इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जाएगी ।

किसान के 8 लाख चुराने वाले 2 गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। कोतवाली पुलिस ने किसान के साथ हुई 8 लाख रुपये की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए महाराष्ट्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की गई संपूर्ण नकद राशि बरामद कर ली है। घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि ग्राम बांगरदा निवासी फरियादी शुभम पिता देवी सिंह सोलंकी ने 22 नवंबर 2026 को थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मलकापुर से कपास बेचकर 8 लाख रुपये लेकर लौट रहा था।

खंडवा बस स्टैंड पर बाथरूम जाते समय उसने रुपयों से भरा बैग या राशि दीवार पर रख दी थी, इसी बीच अज्ञात बदमाश रुपये पार कर मोटरसाइकिल से भाग निकले। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में अपराध क्रमांक 811/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

महाराष्ट्र के रहने वाले है दोनों आरोपी

विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने घटनास्थल के आसपास से भौतिक व तकनीकी साक्ष्य जुटाए और उनका सूक्ष्म विश्लेषण किया। पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने महाराष्ट्र के जलगांव जिले अंतर्गत पाल क्षेत्र (कोटडी के पास) निवासी दो आरोपियों–शुभम उर्फ चेतन पिता बालू पाटिल (19 वर्ष) और मयूर पिता सुनील बावसकर (19 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी की गई पूरी 8 लाख रुपये की राशि बरामद कर जप्त कर ली गई है।

इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य, सउनि प्रकाश ठाकरे, आरक्षक अनुराग, आरक्षक हेमंत और साइबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

आयोजन **आदिवासी गीतों पर क्षेत्रवासियों के साथ जमकर थिरके नेता प्रतिपक्ष**

जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है: सिंघार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। नेता प्रतिपक्ष एवं गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने कहा कि गंधवानी विधानसभा उनके लिए केवल एक राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका परिवार है। वे कहीं भी रहें, लेकिन हर पर्व अपने परिवार यानी क्षेत्र की जनता के साथ ही मनाना पसंद करते हैं। जनता का प्यार, विश्वास और साथ ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। राम-राम करना आदिवासी समाज की परंपरा का हिस्सा है। साथ ही पुजारा, बड़वा, पटेल और तड़वी जैसी पारंपरिक व्यवस्थाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं, जिन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है।

सिंघार गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी में आयोजित दीपावली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के



लोग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आत्मीयता के साथ लोगों से मुलाकात की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

आदिवासी समाज की बात करने पर भाजपा करती है विरोध

सिंघार ने कहा कि जब भी वे आदिवासी समाज के अधिकारों, संस्कृति और परंपराओं की बात करते हैं तो भाजपा के लोग आरोप लगाते हैं कि वे केवल आदिवासियों की बात करते हैं। क्षेत्र में भाजपा और आरएसएस के लोग उनके खिलाफ घूमते हैं, लेकिन उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। उनके लिए जनता का प्यार और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अपने क्षेत्र और यहां के लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

2028 में कांग्रेस सरकार बनने पर गांव-गांव मिलेगी खाद

प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सिंघार ने कहा कि आज प्रदेश में आम जनता कई समस्याओं से जूझ रही है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल रही, गांवों में पर्याप्त बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं है। किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो गांव-गांव तक खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। समारोह में गंधवानी विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों की मौजूदगी रही। समारोह में आदिवासी गायक आंदिलाल भाबर की प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह उत्सवी बना दिया। आदिवासी गीतों और पारंपरिक संगीत से पूरा परिसर गूंज उठा। इस दौरान विधायक उमंग सिंघार भी खुद को रोक नहीं सके और क्षेत्रवासियों के साथ आदिवासी गीतों पर जमकर थिरके। कार्यक्रम में बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत, बड़नगर के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल, राष्ट्रीय सचिव प्योर लाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

मुनि श्री कुंथुसागर जी का मंगल प्रवेश आज, भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



खंडवा। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य एवं पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती पूज्य मुनि श्री कुंथुसागर जी महाराज का गुरुवार 26 नवंबर को खंडवा नगर में मंगल प्रवेश होगा। मुनि श्री का विहार बुरहानपुर से भोपाल की ओर चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम चमाटी में आहारचर्या के पश्चात दोपहर 2:30 बजे मुनि श्री ने ग्राम कोरगला के लिए विहार किया। यहां कांतिलाल पटेल के निवास पर उनका रात्रि विश्राम हुआ।

मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि गुरुवार को प्रातः लगभग 5 किलोमीटर विहार कर मुनि श्री मानसिंग मिल चौराहे से खंडवा नगर में प्रवेश करेंगे। यहां से मंगल प्रवेश शोभायात्रा प्रारंभ होकर भगतसिंह चौक, घासपुरा, सरावगी जैन मंदिर, विट्ठल मंदिर रोड, घंटाघर, सराफा बाजार होते हुए पोरवाड़ जैन मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात पोरवाड़ धर्मशाला में मुनि श्री के मंगल आशीर्वचन होंगे। मुनिश्री के आगमन को लेकर मुनि सेवा समिति अध्यक्ष विजय सेठी एवं पदाधिकारीयो ने सभी गुरु भक्तों एवं धर्मावलंबियों से गुरुवार सुबह 8 बजे मानसिंग मिल चौराहे पर पहुंचकर मुनि श्री की मंगल अगवानी करने का आग्रह किया है। साथ ही नगरवासियों से अपने निवास के सामने मुनि श्री के पाद प्रक्षालन एवं आरती कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। बुधवार को मुनि श्री की आहारचर्या ग्राम चमाटी में संपन्न हुई। इसके बाद दोपहर 2:30 बजे चमाटी से लगभग 6 किलोमीटर विहार कर ग्राम कोरगला पहुंचे, जहां शासकीय स्कूल में रात्रि विश्राम हुआ। शाम 6:30 बजे आरती एवं गुरु भक्ति का आयोजन हुआ ।

मचा हड़कंप गेटमैन की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, अनंतपेठ स्टेशन पर रोकी गई ट्रेन

स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के पहियों से निकली चिंगारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनंतपेठ/डबरा। हजरत निजामुद्दीन से तिरुवनंतपुरम सेंट्रल जा रही विशाखापटनम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 12804) के जनरल कोच के पहियों से बुधवार सुबह अचानक चिंगारी निकलने से हड़कंप मच गया। ग्वालियर स्टेशन से गुजरने के बाद जब ट्रेन अनंतपेठ की ओर बढ़ रही थी, तभी गेट क्रमांक 400 पर तैनात गेटमैन ने समय रहते पहियों से चिंगारी निकलते देख लिया और तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी।

स्टेशन मास्टर की सूचना पर गार्ड और लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रेन को अनंतपेठ स्टेशन पर रोका. ट्रेन रुकते ही धुआं देखकर यात्री नीचे उतर आए, जिससे स्टेशन पर यात्रियों और लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके चलते मौके पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति देखने को मिली।

ब्रेक ब्लॉक होने एवं घर्षण के कारण निकल रही थी चिंगारी

रेलवे प्रशासन ने स्टेशन और ट्रेन में मौजूद फायर इक्विपमेंट की मदद से तुरंत स्थिति को संभाला और आग व चिंगारी पर काबू पाया। झांसी मंडल के पीआरओ मनोज कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया कि जनरल कोच के ब्रेक ब्लॉक होने व घर्षण के कारण पहियों से चिंगारी निकली थी। अनंतपेठ स्टेशन पर ब्रेक को रिलीज कर दुरुस्त किया गया। ट्रेन में अन्य कोई खराबी नहीं पाई गई।



इसके मद्देनजर रेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

35 मिनट खड़ी रही ट्रेन

मरम्मत और जांच के चलते ट्रेन सुबह 10:29 बजे से 11:04 बजे तक करीब 35 मिनट अनंतपेठ स्टेशन पर खड़ी रही. इसके बाद स्थिति सामान्य होने पर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। यात्रियों ने गेटमैन की सूझबूझ की सराहना की है।

चायना डोर के उपयोग विक्रय, क्रय, परिवहन एवं संग्रहण पर प्रतिबंध

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान पतंगबाजी की परंपरा के चलते पतंग उड़ाने में चायना डोर (धागा) का उपयोग किया जाता है। चायना डोर अत्यधिक मजबूत एवं धारदार होने के कारण आमजन, राहगीरों, पक्षियों एवं पशुओं के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। चायना डोर से होने वाली दुर्घटनाओं में लोगों के घायल होने तथा जनहानि की संभावना बनी रहती है।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी जिला शाजापुर डॉ. परिक्षित संजयवरा झाड़े द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिला शाजापुर के संपूर्ण राजस्व क्षेत्र में चायना डोर के उपयोग, क्रय-विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले में कोई भी व्यक्ति पतंगबाजी के लिए चायना डोर का उपयोग, क्रय-विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण नहीं करेगा। दुकानदारों एवं थोक व्यापारियों द्वारा चायना डोर विक्रय हेतु नहीं रखी जाएगी तथा न ही इसका विक्रय किया जाएगा। चायना डोर का उपयोग एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कार्तिक पूर्णिमा पर पूजन, नगर में निकला चल समारोह

चातुर्मास परिवर्तन के साथ हुई शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा





मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास के लिए विराजित साध्वी मंडल का चातुर्मास परिवर्तन का कार्यक्रम हुआ। इसी के साथ कार्तिक पूर्णिमा पर प्रति वर्षानुसार समाज में पूजन व शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों व महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु भगवंतो के चातुर्मास परिवर्तन के साथ शत्रुंजय तीर्थ की भाव यात्रा और पूजन का कार्यक्रम हुआ।

जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित कलिकुण्ड तीथोर्धारक परम पूज्य राजेंद्रसूरीश्वर जी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 का चातुर्मास सह आनंदपूर्वक संपन्न हुआ।

गाजे-बाजे तथा ढोल ढमाकों के साथ मंदिर ले गए

कार्तिक पूर्णिमा पर साध्वी मडल के चातुर्मास परिवर्तन का लाभ इस बार कैलाशचन्द, केशरीमल मनोज कुमार, संजय कुमार बडेरा परिवार को प्राप्त हुआ था। प्रातः 6.45 बजे जैन उपाश्रयजी से साध्वी मंडल को सकल श्री संघ के साथ गाजे-बाजे तथा ढोल ढमाकों के साथ जुलूस के रूप में मंदिर ले जाया गया। जहां सामूहिक प्रभु दर्शन के साथ चैत्य वंदन हुआ। तत्पश्चात यहां से जुलूस लाभार्थी बडेरा परिवार के वर्तमान निवास स्थान पर ले जाया गया। जहां पर प्रवचन में साध्वीजी द्वारा सिद्धाचलजी की महिमा पर प्रकाश डाला गया। प्रवचन उपरांत शाश्वत तीर्थ श्री सिद्धचलजी की भाव यात्रा पूज्य साध्वी जी भगवंत द्वारा भाव भक्ति से कराई गई।

सिद्धाचलजी की भाव यात्रा साध्वी मंडल ने कराई

इस अवसर पर साध्वी भगवंत को कामली भी अर्पित की गई जिसका लाभ शांतिलाल मनोज कुमार फाफरिया परिवार ने लिया और शत्रुंजय तीर्थ की आरती का लाभ राकेश कुमार गेंदमल कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया। इस अवसर पर बडेरा परिवार द्वारा श्री संघ की नवकारसी का कार्यक्रम भी अपने निवास पर रखा गया था। समाज में प्रतिवर्ष होने वाली कार्तिक पूर्णिमा की पूजन व सिद्धाचलजी की भाव यात्रा का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से दोपहर 1:30 बजे से सागर विद्या निकेतन पुरानी झीन पर हुआ। सिद्धाचलजी की भाव यात्रा साध्वी मंडल द्वारा करवाई गई। जिसमें महिलाओं तथा समाजजनों द्वारा शत्रुंजय महा तीर्थ के पट के समक्ष आराधना कर विभिन्न प्रकार की सामग्री जिसमें फल फूल मेवा मिष्ठान सहित अन्य सामग्री अर्पण की गई। कार्तिक पूर्णिमा पर हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में समाजजनों व महिलाओं द्वारा भाग लिया गया।



विधायक मुरली ने टेका गुरुद्वारा साहिब में मत्था

नवीन गुरुद्वारा निर्माण के लिए 20 लाख देने की घोषणा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कांटाफोड़। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा नगर के गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर दर्शन किए । इसके साथ ही विधायक ने अरदास में सम्मिलित होकर क्षेत्र की सुख-एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर विधायक मुरली भंवरा ने कांटाफोड़ में नवीन गुरुद्वारा साहिब के निर्माण कार्य के लिए गुरुसिंध सभा को 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर भाजपा नेता पोपेन्द्र सिंह बग्गा एवं गुरुसिंध सभा के अध्यक्ष दलजीत सिंह भाटिया ने पुष्पमाला पहनाकर तथा सिरोपा भेंट कर विधायक मुरली भंवरा का आत्मीय स्वागत किया।

विधायक का माना आभार

इस दौरान गुरुसिंध सभा अध्यक्ष दलजीत सिंह भाटिया ने नवीन गुरुद्वारा निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा पर विधायक मुरली भंवरा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में जिला योजना समिति सदस्य प्रदीप डाबी, बलदाऊ दुबे, राज टुटेजा, गुरुसिंध सभा के सचिव जैकी भाटिया, कपिल राठौर, शैंकी भाटिया, मनजीत भाटिया, पिंकी भाटिया, रिंकू भाटिया, मोहित जोनवाल सहित समाजजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चंद्रकेश्वर नदी में छोड़ा गया नर्मदा जल

85 गांवों के किसानों को मिली बड़ी राहत, किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

बागली। इस वर्ष कम वर्षा के चलते क्षेत्र में जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी। नदियों में पानी का प्रवाह कम होने के साथ ही कुएं और नलकूपों का जलस्तर भी समाप्त होने लगा था। इसका सीधा असर किसानों की खेती पर दिखाई देने लगा। खेतों में खड़ी फसलें पानी के अभाव में प्रभावित होने लगी थीं और किसानों के चेहरों पर अपनी मेहनत की फसल नष्ट होने की चिंता साफ नजर आने लगी थी।

ऐसे कठिन समय में क्षेत्र के लगभग 85 गांवों के किसान अपनी समस्या लेकर बागली विधायक मुरली भंवरा के निवास



जनता दरबार पहुंचे। किसानों ने उन्हें क्षेत्र में उत्पन्न जल संकट और फसलों पर मंडरा रहे खतरे से अवगत कराया। विधायक मुरली भंवरा ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और किसानों की मांग के अनुरूप मां चंद्रकेश्वर नदी में मां नर्मदा का जल छोड़े जाने के लिए प्रभावी प्रयास किए। विधायक की पहल और प्रयासों के परिणामस्वरूप नदी में नर्मदा जल छोड़ा गया, जिससे लगभग 85 गांवों के किसानों को बड़ी राहत मिली।

फसलों को बचाने का रास्ता खुला है

नदी में जल प्रवाह शुरू होने से किसानों में नई उम्मीद जागी है। पानी की उपलब्धता से फसलों को बचाने का रास्ता खुला है और जो किसान अपनी महीनों की मेहनत बर्बाद होने की आशंका से चिंतित थे, उनके चेहरों पर अब राहत और खुशी दिखाई देने लगी है। विधायक मुरली भंवरा की इस पहल की सराहना की जा रही है। किसानों का कहना है कि संकट के समय उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका समाधान कराने का प्रयास वास्तव में जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और किसान हितैषी सोच को दर्शाता है।

जैन दिवाकर मंच की नमिता जैन राष्ट्रीय मंत्री हुई मनोनीत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



कसरावद । पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत कमल मुनि जी कमलेश मसा ने मैसूर में आयोजित कार्यक्रम में जैन दीवाकर विचार मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें श्वेताम्बर जैन समाज की समाजसेवी नमिता सचिन जैन को अंतर्राष्ट्रीय जैन दीवाकर विचार मंच की महिला शाखा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया गया।

श्रीमती जैन वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष थी। मंच के जीव दया एवं मानव सेवा के कार्यों के प्रति उनकी सक्रियता एवं कार्यों को देखते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई। श्रीमती जैन को कल्पना मुथा, संगीता मांडोत, पुष्पा लुनिया, कल्पना मांडोत,दीपा जैन,भावना कवाड, मंजू संघवी, आशा लुनिया, सुनीता मांडोत, मनीषा लुनिया, सचिन जैन संजय रायली, दिलीप लुनिया, नवीन लुनिया, देवकुमार मांडोत,पवन मांडोत, डॉ महेन्द्र जैन, गांधी जैन, धर्मेंद्र डोसी, संजय मांडोत, संतोष शर्मा,विकास जैन आदि समाजजन ने शुभकामनाएं दी हैं।

32 घंटे से अधिक बिजली गुल रहने से महिलाओं ने किया विद्युत कंपनी का घेराव

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। नगर के वार्ड क्रमांक 14 के अधिकांश हिस्सों में 32 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल रहने के बाद बुधवार दोपहर में सम्बंधित वार्ड की महिलाओं ने विद्युत कंपनी के कार्यालय का घेराव किया गया।

घेराव के बाद शाम लगभग 5 बजे बिजली प्रदाय प्रारम्भ हुआ। सम्बंधित मोहल्लों में 34 घंटे बिजली गुल रही। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 14 के कुम्हार सेरी, काछी मोहल्ला,दिगम्बर धर्मशाला के पीछे



वाले अधिकांश हिस्सों की मंगलवार प्रातः 7 बजे से बिजली गुल थी। जिसकी शिकायत रहवासियों द्वारा बिजली कंपनी के कार्यालय पर मंगलवार व बुधवार दोनों दिन की गई लेकिन बिजली प्रदाय प्रारम्भ नही हुआ। बिजली गुल रहने से सम्बंधित क्षेत्र की आक्रोशित महिलाओं द्वारा बुधवार दोपहर में बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचकर घेराव कर दिया। घेराव कर रही महिलाओं से बिजली कंपनी के अधिकारी द्वारा बिजली बंद रहने का कारण केबल जलने व ट्रांसफार्मर में खराबी होना बताया और आश्वासन दिया कि कर्मचारी कार्य कर रहे है शीघ्र ही बिजली प्रदाय प्रारम्भ हो जाएगा।

शाम 5 बजे आई बिजली

महिलाओं के घेराव के बाद बिजली कंपनी ने युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ कर सायं लगभग 5 बजे बिजली प्रदाय प्रारम्भ किया। घेराव कर रही महिलाओं से कंपनी के अधिकारी चर्चा कर रहे थे इसी दौरान कंपनी के एक कर्मचारी द्वारा महिलाओं से पैसे खर्च कर इन्वर्टर खरीदने की बेतुका बात करने पर महिलाएं भड़क गई जिसकी शिकायत भी उनके द्वारा की गई है। रहवासियों ने बताया कि उनके मोहल्लों में पिछले पंद्रह दिनों से अधिक समय से वोल्टेज बेहद कम आ रहा था जिसकी भी शिकायत उनके द्वारा की गई थी। वही मंगलवार दिनभर, रातभर व बुधवार को भी बिजली नही आने से जहाँ मच्छरों से परेशान हो गए वही महिलाओं को अपने घरेलू कार्य करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में अर्द्धवर्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी है ऐसे में बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। पानी की मोटरे नही चलने से जलसंकट की स्थिति निर्मित हो गई है।

खेती-किसानी ड्रैगन फ्रूट एक एकड में 1800 पौधे से 2.60 लाख की सालाना आय ले रहे प्रदीप शर्मा

गर्म जलवायु और कम पानी में मुनाफे की फसल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

बड़वानी। कम पानी और गर्म-शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसान किस प्रकार बेहतर मुनाफा कमा सकते हैं, इसके लिए ड्रैगन फ्रूट एक अत्यंत लाभकारी विकल्प बनकर उभरा है। पोषक तत्वों और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होने के कारण बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इसी अवसर को पहचानते हुए बड़वानी जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम नरावला निवासी कृषक प्रदीप शर्मा ने बैंक की नौकरी से सेवानिवृत्ति के बाद इस आधुनिक खेती को अपनाया और आज वे क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

ड्रैगन फ्रूट खेती का प्रदीप



शर्मा ने हैदराबाद जाकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्नत किस्म 'पिंक-सी' को खेती के लिए चुना। उन्हें उद्यानिकी विभाग बड़वानी से निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बड़वानी से भी खेती संबंधी प्रशिक्षण मिला। उद्यानिकी विभाग द्वारा नवाचार गतिविधि के अंतर्गत 200 ड्रैगन फ्रूट के पौधे एवं 50 नग सीमेंट पोल भी प्रदाय किए गए, जिससे उनके प्रयासों को गति मिली।

क्यों खास है ड्रैगन फ्रूट ('कमलम') की खेती?

ड्रैगन फ्रूट कैक्टस प्रजाति की एक व्यावसायिक उद्यानिकी फसल है, जो 20 से 30 डिग्री सेल्सियस के औसत तापमान में अच्छी वृद्धि करती है। बेल की तरह चढ़ने वाले इस पौधे के सहारे के लिए 6 से 7 फीट ऊंचे सीमेंट (आरसीसी) पोल लगाए जाते हैं, जिनके ऊपरी सिरे पर रिंग या टायर जैसी संरचना लगाई जाती है और एक पोल के चारों ओर 4 पौधे रोपे जाते हैं। जड़ें उथली होने के कारण खेत में पानी भरने के बजाय ड्रिप (टपक) सिंचाई कारगर रहती है। शुरूआती 12 महीनों में पौधे को सीधे ऊपर की ओर बढ़ाया जाता है तथा निचली अतिरिक्त शाखाएं हटा दी जाती हैं। ऊपरी रिंग तक पहुंचने के बाद शाखाओं को नीचे लटकने दिया जाता है, क्योंकि इन्हीं लटकती शाखाओं पर फल लगते हैं और इसके फूल रात में खिलते हैं। रोपण के 12 से 18 महीने बाद पौधों में फल आना शुरू हो जाते हैं तथा तीसरे वर्ष से पूर्ण व्यावसायिक उत्पादन मिलता है। शुरूआती वर्ष में सीमेंट पोल, पौधों और ड्रिप के कारण लागत अधिक आती है, लेकिन दूसरे वर्ष से रखरखाव खर्च नाममात्र रह जाता है और एक बार स्थापित होने पर यह बगीचा 20 से 25 वर्षों तक उत्पादन दे सकता है।

उत्पादन, बाजार और वार्षिक आय

शर्मा ने अपने 1 एकड़ के खेत में 450 सीमेंट पोल लगाकर कुल 1,800 पौधे रोपे हैं, जिसकी कुल प्रारंभिक लागत 5 से 6 लाख रुपये रही। श्री शर्मा के अनुसार, अगस्त से अक्टूबर माह के बीच फसल में 2 से 4 बार तक फ्लावरिंग होती है और फलों की तुड़ाई की जाती है। स्थानीय बाजार में इसके फल 170 से 180 रुपये प्रति किलोग्राम तथा थोक में 110 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहे हैं। वे स्थानीय बाजार के साथ-साथ इंदौर जैसे बड़े शहरों में भी अपनी उपज भेज रहे हैं। शर्मा को वर्तमान में लगभग 2 लाख 60 हजार रुपये की वार्षिक आय प्राप्त हो रही है।

कॉम्बिंग गश्त में 14 वारंटी गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

बिजुरी/अनूपपुर। पुलिस ने विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर कुल 14 वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध जारी वारंटों की तामील कराते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह के नेतृत्व में यह विशेष अभियान संचालित किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने तीन वसूली वारंटी, आठ स्थाई वारंटी और तीन गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया।

इन वारंटियों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार, वसूली वारंट के मामलों में सुमेर सिंह गोंड निवासी डोंगरिया छोट के विरुद्ध दो अलग-अलग मामलों में 2,08,000 रुपये एवं 32,500



रुपये तथा हरिहरदास चौधरी निवासी फुलकोना के विरुद्ध 51,000 रुपये की वसूली कार्रवाई के वारंट जारी थे, वहीं स्थाई वारंटियों में ममता केवट निवासी थानगांव, मुकेश तिवारी उर्फ झोलू निवासी बछौली, राधाबाई बैगा निवासी बिजुरी, मनोज कुमार खैरवार निवासी माइनस कॉलोनी, ओमप्रकाश सिंह पाव निवासी साजाटोला, पूरन सिंह निवासी पिपरिया तथा राजेश कुमार घसिया निवासी सरगुजा (छत्तीसगढ़) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गिरफ्तारी वारंट के तहत दादूराम पाव निवासी भुईला, भीखम केवट निवासी पचखुरा एवं अनुराग गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक 12 बिजुरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, इन वारंटों का संबंध आबकारी एक्ट, बीएनएस, एनडीपीएस एक्ट, भारतीय दंड संहिता तथा मोटर व्हीकल एक्ट सहित विभिन्न मामलों से था। कार्रवाई में रविकरण पयासी, प्रदीप अग्निहोत्री, उदय प्रजापति, सतीश मिश्रा, गोपाल यादव, बसंत कोल, लक्ष्मण डांगी, रवि सिंह, रामनिवास गुर्जर, प्रभाकर त्रिपाठी, राजदेव सिंह एवं संगम तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कालिदास समारोह में वायलिन से प्रस्तुति देकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

पैर में फ्रैक्चर के बावजूद 13 वर्षीय गंगा ने 3 घंटे तक बिखेरा सुरों का जादू

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। शहर में आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह की चौथी शाम कला और संगीत के अद्भुत समर्पण की साक्षी बनी। मंगलवार रात केरल के गुरुवायुर से आईं 13 वर्षीय विख्यात वायलिन वादक गंगा शशिधरन ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से पूरे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विशेष बात यह रही कि पैर में चोट और फ्रैक्चर होने के बावजूद गंगा ने हार नहीं मानी और मंच पर बैठकर लगातार करीब तीन घंटे तक वायलिन वादन कर अपने अदम्य साहस और कला के प्रति समर्पण का परिचय दिया। उनके इस जज्बे और सुरों की जादूगरी पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भरपूर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान श्रोता पूरी तरह से मंत्रमुग्ध रहे।

'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र' गणेश वंदना, की शानदार प्रस्तुति

मंगलवार रात कार्यक्रम की शुरूआत गंगा ने शक्ति और भक्ति से ओतप्रोत माँ 'महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र' की मधुर धुन से की। इसके पश्चात उन्होंने भगवान



श्री गणेश जी की वंदना, कर्नाटक शास्त्रीय संगीत और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति देकर वातावरण को संगीतमय बना दिया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तब रहा जब उन्होंने वायलिन के तारों पर बॉलीवुड के सदाबहार गीतों की धुनें छेड़ीं। 'गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा', 'मेरे ढोलना सुन' और 'तू ही रे' जैसे लोकप्रिय गीतों की धुनों पर दर्शक झूम उठे। वादन के दौरान उंगलियों के जादू के साथ-साथ उनकी आंखों और मुस्कान के भावों ने श्रोताओं पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

साढ़े चार साल की उम्र से वायलिन की साधना

महज साढ़े चार साल की उम्र से वायलिन की साधना शुरू करने वाली गंगा ने सात साल की आयु में अपनी पहली सोलो प्रस्तुति दी थी। आज 13 वर्ष की छोटी उम्र में ही वे देश-विदेश के 500 से अधिक मंचों पर अपनी कला का लोहा मनवा चुकी हैं। सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और करोड़ों व्यूज हासिल करने वाली गंगा अपनी जीवंत अभिव्यक्ति के कारण देशभर में 'एक्सप्रेशन क्वीन' और 'क्वीन ऑफ स्ट्रिंग्स' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

भगवान महाकाल की नगरी में प्रस्तुति देना अविस्मरणीय

प्रस्तुति के बाद गंगा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि भगवाान महाकाल जी की नगरी उज्जैन में प्रस्तुति देना उनके लिए बेहद शानदार और अविस्मरणीय अनुभव रहा। यहां के भव्य मंच, खूबसूरती और दर्शकों के अपार उत्साह को देखकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि इस अद्भुत अहसास को शब्दों में बयां करना कठिन है और वे भविष्य में भी बार-बार इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी कला प्रस्तुत करने की इच्छा रखती हैं।

देवी-देवताओं पर अश्लील टिप्पणी से भड़के ब्राह्मण

गायिका रुची यादव के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ की बिरहा गायिका रुचि यादव द्वारा भगवान शिव और विष्णु पर कथित तौर पर अश्लील टिप्पणी किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो के विरोध में उज्जैन का अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहा है। समाज ने गायिका के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान करते हुए सरकार से ईशनिंदा के खिलाफ सख्त कानून बनाने और आरोपी गायिका को उम्रकैद की सजा देने की मांग की है।



वायरल वीडियो में रुचि यादव मंच से कविता के नाम पर भगवान शिव जी और भगवान श्री विष्णु जी के अंगों को लेकर बेहद अभद्र व अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करती नजर आ रही हैं। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में मौजूद एक व्यक्ति द्वारा ब्राह्मण समाज और पुजारियों पर की गई टिप्पणी पर गायिका के ठहाके लगाने से भी समाज में गहरा रोष है। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पुजारी महेश शर्मा ने इस कृत्य को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और ईश्वर का सीधा अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं के प्रति ऐसी अमर्यादित भाषा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस पर ऐसी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

रुचि यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज

इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले स्थित महेशगंज थाने में स्वर्ण आर्मी की शिकायत पर रुचि यादव के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। शिकायत में फेसबुक पर अपलोड किए गए इस वीडियो के जरिए धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया गया है। गौरतलब है कि प्रतापगढ़ के कोहंडौर क्षेत्र की निवासी रुचि यादव का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले फरवरी माह में होली के बिरहा गीत के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के खिलाफ कथित आपत्तिजनक गीत गाने पर भी बसपा कार्यकताओं ने प्रदेश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था।

गुरुद्वारा साहिब में सजे कीर्तन दीवान, श्रद्धालुओं ने चखा लंगर

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मानवता और भाईचारे का संदेश देने वाले गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व एबी रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। सुबह अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई, जिसके बाद दोपहर में कीर्तन दीवान सजाए गए।

दिल्ली से आईं बीबी गुंजन कौर ने शबद गायन कर संगत को गुरुवाणी से निहाल किया। गुरु नानक देव ने नाम जपो, ईमानदारी और मेहनत से कमाओ तथा मिल-बांटकर खाओ का संदेश दिया। उन्होंने सभी के प्रति मानवता, प्रेम और भाईचारे का भाव रखने की शिक्षा दी। प्रकाश पर्व पर आयोजित लंगर में बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की और गुरु घर में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर



सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विक्रम सिंह पवार, जिलाधीश नेहा मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राय सिंह सेंधव, महामंत्री राजेश यादव, पूर्व महापौर शरद पाचनकर, जय सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, मनोज राजानी, राजीव खंडेलवाल, विभाग संघ चालक अजय गुप्ता, महानगर संघ चालक सुरेंद्र सिंह राठौड़, लाखन सिंह, विमल अग्रवाल, प्रकाश व्यास, सुरेश जायसवाल, विश्व हिंदू परिषद के संदीप चौबे, नेता सत्ता पक्ष मनीष सेन, मराठा समाज अध्यक्ष सुभाष शिंदे, ब्लाइंड स्कूल के बच्चे, रितेश त्रिपाठी और रमेश जलोदिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रात्रि में पुनः दीवान सजाए गए। रात 1:30 बजे आतिशबाजी की गई और फूलों की वर्षा के बीच गुरु नानक देव का जन्मोत्सव मनाया गया। अंत में समाज अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह खनूजा और सचिव जगजीत सिंह टुटेजा ने सभी का आभार माना।

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर रक्तदान शिविर

गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर एबी रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। भारतीय स्त्री शक्ति, एचडीएफसी बैंक एवं आरोग्य भारती के संयुक्त समन्वय से हुए इस आयोजन में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा के कार्य में योगदान दिया। शिविर के माध्यम से गुरु नानक देव की शिक्षाओं प्रेम, समानता, सद्भाव और सेवा के संदेश को आगे बढ़ाया गया। उनके सिद्धांत नाम जपो, किरत करो और वंड छको को आत्मसात करते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्त्री शक्ति की देवास इकाई की सह सचिव नीत अरोरा, कोषाध्यक्ष रेनू गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य रुचिका बर्डे एवं राखी द्विवेदी तथा आरोग्य भारती देवास इकाई के उपाध्यक्ष योगेश द्विवेदी और सह सचिव डॉ. वंदना चौधरी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और सामाजिक सेवा में उनकी सहभागिता की सराहना की। आयोजकों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी रक्तदाताओं, सदस्यों तथा गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा आभार व्यक्त किया।

पांच संस्थानों को नोटिस ट्रक चालक का चालान

नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बरती जा रही सख्ती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। हाईवे पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों, नियम तोड़ने वालों और बिना पार्किंग के अपनी दुकान चलाने वालों के खिलाफ बुधवार को यातायात प्रभारी ने सख्ती दिखाई। वहीं एक ट्रक चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। यातायात विभाग द्वारा आगे भी यह कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

दरअसल इन दिनों शहरी हाईवे पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। ऐसे में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क का एक हिस्सा बंद होने से वाहनों की आवाजाही एक तरफ से हो रही है। जिसके कारण जाम की स्थिति से बचने और यातायात सुचारू रखने के लिए यातायात विभाग ने पार्किंग व्यवस्था को लेकर पांच प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें चार दुकानें और एक अस्पताल शामिल हैं। संचालकों को जल्द पार्किंग की व्यवस्था करने की हिदायत दी गई है। ऐसा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यातायात विभाग ने नई सड़क स्थित जी सोलंकी ड्रेसेस और एमबीए कपड़ा वाला, दुपाड़ा तिराहा स्थित भय्या जी ऑटो पार्ट्स और पाटीदार ऑटो पार्ट्स के साथ वरदान हास्पिटल को नोटिस दिए हैं।

न फिटनेस था न लायसेंस अपडेट, चालान

बुधवार को वन विभाग के पास यातायात टीम ने पाटीदार ट्रांसपोर्ट का आयशर ट्रक रोका। ट्रक उज्जैन से माल खाली करने आया था। जांच में ट्रक का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं मिला, जबकि चालक का लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था। यातायात प्रभारी मोनिकासिंह चौहान और टीम ने चालक पर 15 हजार रुपए का चालान किया। उसे फिटनेस प्रमाणपत्र बनवाने और लाइसेंस रिन्यू कराने की हिदायत दी। चौहान ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान जाम से बचने के लिए नियम तोड़ने और सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 4.85 लाख की ठगी का आरोप

नगर निगम के क्लीनर के खिलाफ एफआईआर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने का झांसा देकर दो महिलाओं से कुल 4 लाख 85 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है। ठगी का आरोप देवास नगर निगम में क्लीनर के पद पर पदस्थ नंदकिशोर प्रजापत पर लगा है।

आरोप है कि उसने नगर निगम में अपनी नौकरी और पहुंच का भरोसा दिलाकर महिलाओं से योजना का लाभ दिलाने के नाम पर राशि ली और उसे अपनी पत्न ी के बैंक खाते में जमा कराया। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने एक महिला से 2 लाख 5 हजार रुपये और दूसरी महिला से 2 लाख 80 हजार रुपये लिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब महिलाओं को आवास योजना का लाभ नहीं मिला तो उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी। आरोप है कि आरोपी ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद महिलाओं ने नगर निगम में लिखित शिकायत की। प्रारंभिक विभागीय जांच में पद के दुरुपयोग और संदिग्ध लेनदेन का मामला सामने आने पर नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी ने नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने नंदकिशोर प्रजापत के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

डबल हनुमान मंदिर में भंडारा

देवास। उज्जैन रोड स्थित ग्राम नागुखेड़ी के डबल हनुमान मंदिर में चातुर्मास समाप्ति के उपलक्ष्य में महाप्रसादी वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन मंगलवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों ने पहुंचकर महाप्रसादी ग्रहण की और धर्मलाभ लिया। मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक निरंतर भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण करने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी। पूरा मंदिर परिसर हनुमानजी के जयकारों से भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता से आयोजन में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा।

खेल प्रतिभा एवं उत्कृष्ट कराते कौशल का प्रदर्शन

37वीं अखिल भारतीय कराते प्रतियोगिता का भव्य समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, मुखर्जी नगर, देवास में आयोजित तीन दिवसीय 37वीं अखिल भारतीय कराते प्रतियोगिता का गरिमामय वातावरण में समापन हुआ। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कराते कौशल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह की अध्यक्षता देवास के पुलिस अधीक्षक आईपीएस आदित्य मिश्रा ने की। उल्लेखनीय है कि मिश्रा सरस्वती विद्यालय, प्रयागराज के पूर्व छात्र हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कराते इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं डेली कॉलेज, इंदौर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष विक्रमसिंह पवार रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के



रूप में विष्णु सोनी (विद्या भारती की ओर से प्रतियोगिता पर्यवेक्षक), सत्यनारायण लौवंशी (विद्या भारती मालवा प्रांत के खेल संयोजक), अरुणेन्द्र सोनी (विद्यालय समिति अध्यक्ष), गुरुचरण वर्मा (विद्यालय समिति सचिव एवं ग्राम भारती मालवा प्रांत के उपाध्यक्ष), प्रवीण पाराशर (इंदौर विभाग समन्वयक), कैलाश धनगर (प्रांतीय घोष संयोजक) एवं हरिशंकर मेहता (मालवा प्रांत के वित्त संयोजक) उपस्थित रहे। देवास पुलिस अधीक्षक आईपीएस आदित्य मिश्रा ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गिरने के बाद फिर से उठकर आगे बढ़ना ही एक सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। यही वास्तविक जीत है।

खेल हमें हार से सीखनेनिरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं

उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास एवं अनुशासन के बल पर ही खिलाड़ी सफलता की ओर अग्रसर होता है। खेल हमें हार से सीखने, चुनौतियों का सामना करने और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक आईपीएस आदित्य मिश्रा ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। तीन दिवसीय इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता का समापन उत्साह, उमंग एवं खेल भावना के साथ हुआ।

विवाद | बैठक में तय हुई आयोजन की रूपरेखा, नई समिति का भी हुआ गठन

नगर में 14 को निकलेगी भव्य श्रीराम बारात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। ओरछा के प्रसिद्ध मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी मंदिर में होने वाले भगवान श्रीरामजी एवं माता जानकी जी के भव्य विवाह की तरह ही नगर के श्री राम मंदिर (काका साहब के मंदिर) में भी राम विवाह का आयोजन किया जाता है। हर साल यह कार्यक्रम काफी भव्य स्तर पर आयोजित होता है। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होते है।

इसी तारतम्य में इस साल भी आयोजन आगामी 14 दिसंबर को होने जा रहा है। आयोजन को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारियों का दौर शुरु हो गया है। आयोजन समिति के साथ ही भक्तजन भी तैयारियों में जुटे हुए है। पिछले चार वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी समिति सदस्यों ने आयोजन को भव्य व भक्तिमय बनाने के लिए रूपरेखा तय की है, वहीं नवीन आयोजन को लेकर



नई समिति का भी गठन किया गया है। आयोजन को लेकर सभी में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

घराती और बाराती मिलकर विवाह की सभी रस्मों को निभाएंगे

नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर (काका साहब का मंदिर) में पांचवे वर्ष भी भगवान श्री राम और माता जानकी के दो दिवसीय विवाह उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष यह आयोजन 14 दिसंबर को होगा। जहां घराती और बाराती मिलकर विवाह की सभी रस्मों को निभाएंगे और शुभ मूहूर्त में माता जानकी व प्रभु श्री राम का विवाह कराया जाएगा। मंगलवार को आयोजन को लेकर काका साहब के मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। जिसमें समिति सदस्यों द्वारा विवाह समारोह के लिए की जाने वाली तैयारियों को लेकर प्रमुख निर्णय लिए। नगर में निकलने वाली श्री राम बारात को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित थे।

नई समिति का भी हुआ गठन वाजपेयी बने संयोजक

श्री राम बारात व माता जानकी व प्रभु श्री राम विवाह आयोजन के लिए नई समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संयोजक विनीत वाजपेयी, यात्रा संयोजक अनुराधा मेहता, कोषाध्यक्ष सत्यम शर्मा, सुधा शर्मा, अंकिता गुप्ता, मोनिका चंदेल, सचिव अनमोल वैष्णव तथा मीडिया प्रभारी के पद पर सुमित भावसार को नियुक्त किया गया। जिनका बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा भगवा दुपट्टा व पुष्पहारों से स्वागत किया गया। सभी समिति सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई है।

छेड़छाड़ के आरोप को लेकर दो पक्ष हुए आमने-सामने, 8 घायल

ग्राम दुपाड़ा में चले लाठियां और पत्थर, घायलों को कराया अस्पताल में भर्ती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। जिले के ग्राम दुपाड़ा स्थित इंदिरा नगर में सोमवार रात छेड़छाड़ की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। जिसमें दोनो पक्ष के 8 लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के अनुसार विवाद इकबाल खां और फिरोज खां के परिवारों के बीच हुआ। बताया जा रहा है कि छेड़छाड़ की घटना को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से पथराव और लाठियों से हमला किया गया। इस विवाद में एक पक्ष के इकबाल



(35) पिता इसाक खां, फैजान (20) पिता कल्लू खां, अभिषेक गुर्जर (18) पिता आत्माराम और अल्ताफ खां (28) पिता गुलजार खां घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से फिरोज खां (38) पिता हाजी बाबू खां, उनकी पत्नी मंजू बी (35), भूरू उर्फ सरताज (48) पिता बाबू खां और सकूरन बी (75) पति स्वर्गीय बाबू खां घायल हुई हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस कर रही जांच

घटना की सूचना मिलने के बाद दुपाड़ा चौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज नहीं किया है। विवाद के वास्तविक कारण और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

बेकाबू कार का कहर ! डॉक्टर की गाड़ी ने 6 लोगों को रौंदा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिला अस्पताल परिसर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चिकित्सक की अनियंत्रित कार सामने से लोगों से जा भिड़ी। कार की चपेट में आकर छह लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों में एक गर्भवती महिला और डायलिसिस कराने आईं दो महिलाएं भी बताई जा रही हैं।

हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक महिला कार के नीचे फंस गई। मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद वाहन को उठाकर महिला को बाहर निकाला। हादसे में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग के बाहर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ. सुभाष सोनकर की कार अचानक अनियंत्रित होकर वहां बैठे लोगों से सामने से टकरा गई। कार की चपेट में आने से वहां मौजूद लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। कुछ ही पलों में अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।





कार के नीचे फंसी महिला

आसपास मौजूद लोग घायलों की मदद के लिए दौड़े। इसी दौरान पता चला कि एक महिला कार के नीचे फंस गई है। लोगों ने मिलकर वाहन को उठाया और महिला को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार के नीचे फंसी महिला रामकन्या को बाहर निकालने के लिए मौके पर मौजूद लोगों ने एकजुट होकर वाहन को हाथों से उठाया। बताया जा रहा है कि कार का हैंडब्रेक लगाए जाने के बाद महिला को बाहर निकाला जा सका। घायल गर्भवती महिला का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, प्रारंभिक जांच में गर्भस्थ शिशु सुरक्षित बताया गया है, हालांकि महिला को आगे भी चिकित्सकीय निगरानी में रखने की जरूरत है। ग्राम दौराना से डायलिसिस कराने आईं सुमित्राबाई भी हादसे में घायल हुई हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि चिकित्सक पहले से बीमार थे और उन्हें चक्कर आ गए थे। इसी वजह से कार पर उनका नियंत्रण नहीं रहा और दुर्घटना हो गई। चिकित्सक दिव्यांग भी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद डॉ. सुभाष सोनकर को भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना के दौरान चिकित्सक के व्यवहार को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि महिला के कार के नीचे फंसने के दौरान चिकित्सक वाहन से बाहर आ गए और हैंडब्रेक लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने संभाला मोर्चा

हादसे के बाद जिला अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। अस्पताल में घायलों के उपचार की व्यवस्था की गई। फिलहाल सभी घायलों का उपचार जारी है और दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जांच कर रही है।

डॉक्टर की सेवा में जुटा रहा प्रबंधन

हादसे के बाद अस्पताल परिसर में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। जहां कार की चपेट में आए घायल लोग मौके पर मदद के लिए परेशान थे, वहीं समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने आगे आकर घायलों को अस्पताल के भीतर पहुंचाने में मदद की। दूसरी ओर, अस्पताल प्रबंधन चिकित्सक डॉ. सुभाष सोनकर के उपचार और देखभाल में जुट गया। इस घटनाक्रम को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने सवाल उठाए हैं।

टीआई ने कहा- छह लोग आए कार की चपेट में

शहर कोतवाली टीआई राजकुमार शर्मा ने बताया कि डॉ. सुभाष सोनकर ड्यूटी से वापस जा रहे थे। उनकी कार क्रमांक एमपी 07 जेडएच 6890 अनियंत्रित हो गई, जिसकी चपेट में कुल छह लोग आ गए। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।

आधी रात बाइक पर ले जाते कैमरे में कैद हुई 16 वर्षीय किशोरी

गुना। आरोन थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। घटना 22 और 23 नवंबर की दरमियानी रात की है, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी परिजनों के पास मौजूद है। मामले में आरोन पुलिस पर हीला-हवाली का आरोप लगाते हुए परिजनों ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर अपनी व्यथा सुनाई। परिजनों के मुताबिक, 22 नवंबर की रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद सभी सो गए थे। रात करीब एक बजे नींद खुली तो पास सो रही बालिका गायब मिली। आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश के बाद भी पता नहीं चला, तो सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में बालिका 23 नवंबर की रात 12 बजकर 12 मिनट पर युवक के साथ दिखाई दी, जो उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। बालिका की मां ने ग्राम प्यासी निवासी युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई है।

मंगलसूत्र लूट में अंतिम आरोपिया धराई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। कोतवाली पुलिस ने शहर के महावीरपुरा क्षेत्र में महिला डॉक्टर से मंगलसूत्र लूट के मामले में फरार चल रही अंतिम महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए मंगलसूत्र के दो टुकड़े बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक पुलिस ने 23 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर ग्राम गढ़ला निवासी 50 वर्षीय हसीना पत्नी नीतू पारदी को हिरासत में लिया है। इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना 8 जून 2026 की रात की है, जब महावीरपुरा निवासी डॉ. रश्मि दीक्षित खाना खाने के बाद घर के बाहर एबी रोड पर टहल रही थीं। इसी दौरान दो बाइक पर आए बदमाश उनके गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गए थे।

मामले में 9 जून को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई थी और फरार आरोपिया की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। एसपी हितिका वासल के नेतृत्व, एडिशनल एसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा सीएसपी सैफाहासमी की निगरानी में हुई।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजकुमार शर्मा, उपनिरीक्षक चंचल तिवारी, प्रधान आरक्षक अनुराधा तिर्की, रमेश गुर्जर, रामकुमार रघुवंशी, दिलीप सेन, इंदल सिंह धाकड़, आरक्षक अजय सिकरवार, महेश दिवाकर, अनिल रघुवंशी, रवि यादव तथा महिला आरक्षक पूजा राजपूत व रश्मि सेन की भूमिका रही।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर बैठक आज

गुना। भारत निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के लिए संभागायुक्त ग्वालियर मनोज खत्री को रोल प्रेक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। 26 नवम्बर को शाम 05:00 बजे रोल प्रेक्षक मनोज खत्री द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में अर्हता दिनांक 01.01.2027 के आधार पर नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के कार्य की प्रगति आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा की जायेगी। फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के संबंध में कोई भी व्यक्ति या मतदाता अपने समाधान आदि के संबंध में सम्पर्क कर सकते हैं।

गांजे की खेती करने वाली महिला गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना शाढौरा पुलिस द्वारा अवैध रूप से गांजे की खेती करने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गांजे के 17 हरे पौधे जप्त किए गए।

पुलिस के अनुसार थाना शाढौरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बलदाई निवासी चन्द्रेश बाई अहिरवार द्वारा अपने मकान के पीछे स्थित बाड़े में अवैध रूप से गांजे के पौधों की खेती की जा रही है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में विधिवत दबिश दी गई। मौके पर तलाशी के दौरान बाड़े में गांजे के हरे पौधे लगे पाए गए। पुलिस टीम द्वारा कुल 17 पौधों को उखड़वाकर इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल कराया गया, जिनका कुल वजन 38 किलो 600 ग्राम पाया गया। जप्त मादक पदार्थ की अनु. कीमत लगभग 3 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई। गांजे के पौधों को विधिवत जप्त कर आरोपिया चन्द्रेश बाई अहिरवार के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शाढौरा निरी0 सुनील सिकरवार, उनि सुनील पुरवैया, उनि कान सिंह, सउनि मनीराम जाटव, सउनि जगदीश शर्मा, सउनि प्रजेश यादव, आरक्षक संजीव कटारिया, आरक्षक महेन्द्र भार्गव, महिला आरक्षक मंजू मीना एवं महिला आरक्षक अनुराधा ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।

45 .69 लाख की धोखाधडी करने वाला आरोपी आंध्रप्रदेश से धराया

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चंदेरी के बुनकर व्यापारियों के साथ कुल रु. 45,69,749/- की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को आंध्रप्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के अनुसार फरियादी विजय कुमार कोली निवासी वार्ड क्रमांक 02 चंदेरी द्वारा अन्य 11 बुनकर व्यापारियों के साथ थाना चंदेरी में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वे चंदेरी की प्रसिद्ध साड़ियां तैयार कर देश के विभिन्न शहरों में व्यापार करते हैं। आरोपियों द्वारा तीन माह के भीतर भुगतान करने अथवा चंदेरी आकर नगद राशि देने का आश्वासन दिया गया था। व्यापारियों द्वारा जब भुगतान हेतु चेक बैंक में लगाए गए तो खातों में पर्याप्त राशि नहीं होने एवं चेकों पर फर्जी हस्ताक्षर पाए जाने के कारण चेक बाउंस हो गए। इसके बाद संबंधित मोबाइल नंबर बंद पाए गए तथा आरोपियों



द्वारा बताए गए पते पर फर्मों की दुकानें भी बंद मिलीं।

तीन माह में की ठगी

इस प्रकार आरोपियों द्वारा 31 मई 2025 से 13अगस्त 2025 के मध्य कुल रु. 45,69,749/- की धोखाधड़ी की गई। उक्त शिकायत पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 596/2026 धारा 318(4), 316(2) बीएनएस के अंतर्गत दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चन्देरी को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निदेर्शों के पालन में थाना चंदेरी पुलिस द्वारा पुलिस टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई।

फरार आरोपी की तलाश

एसपी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए मुख्य आरोपी वेमा मारुति प्रसाद पुत्र वैन्कैया, उम्र 46 वर्ष, निवासी 11-2-26, कैलाश भवन, चुनचुपेट, तेनाली, जिला गुंटूर, आंध्रप्रदेश को तेनाली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रकरण में शामिल एक अन्य फरार आरोपी मेडीशेट्टी रवितेजा निवासी गुंटूर की तलाश जारी है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदेरी निरी0 प्रशांत यादव, उपनिरीक्षक कदम सिंह मीना, आरक्षक सतीश वर्मा एवं आरक्षक अछल सिंह गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी के अनुसार जिले में धोखाधड़ी एवं आर्थिक अपराधों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

शिवांश ग्राहक सेवा केन्द्र को कराया गया बंद



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा कृषकों से अधिक दाम में ई-टोकन करने संबंधी शिकायत पर शिवांश कंप्यूटर विदिशा रोड़ अशोकनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि संस्थान पर टोकन बुक करने संबंधी सूचना चस्पा है। संचालन संतोष ओझा द्वारा किया जा रहा है।

ई-टोकन के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि यूरिया एवं डी.ए.पी. के टोकन बनाये जाते हैं। बुक किये गये ई-टोकनों का रिकॉर्ड मांगे जाने पर बताया गया कि रिकॉर्ड संधारित नहीं किया गया है। कृषकों से ई-टोकन करने का शुल्क कितना लिया जा रहा है इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। संस्थान पर बिना लायसेंस लिये ग्राहक सेवा केन्द्र संबंधी अन्य व्यवसायिक गतिविधियां भी संचालित पाई गई। इस कारण शिवांश कम्प्यूटर विदिशा रोड़ अशोकनगर को नियमानुसार दुकान संचालित किये जाने की चेतावनी दी गई एवं रिकॉर्ड संधारित करने हेतु अवगत कराकर दुकान को बंद कराया गया है।

आज मनाया जायेगा संविधान दिवस

गुना। शासन के निदेशानुर्सार 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जायेगा। संविधान दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया जायेगा। इसके अंतर्गत शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थाओं, पंचायती संस्थाओं, नगरीय निकायों एवं सार्वजनिक उपक्रमों आदि में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

शहर सौन्दर्यीकरण कार्यों की समीक्षा, सीईओ ने दिए निर्देश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में सीएसआर फंड के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण एवं शहर के कायाकल्प से संबंधित प्रस्तावित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। नगर पालिका अशोकनगर द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से कराए जाने वाले विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों की अद्यतन स्थिति, कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही शहर को सुंदर, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से प्रस्तावित कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में गुना वायपास रोड, राजमाता चौराहा, सड़क किनारे प्लांटेशन, शशीन्द्र राणा चौक सौन्द्रर्यीकरण, तुलसी सरोवर के सौन्द्रर्यीकरण, पार्क सौन्द्रर्यीकरण, गुना रोड पर राज राजेश्वर मंदिर थीम गेट, ईसागढ़ रोड पर माता बीजासन कदवाया थीम गेट, विदिशा रोड पर माँ जानकी करीला धाम थीम रोड तथा चंदेरी रोड पर बैजू बावरा थीम रोड के निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, विकास कुमार आनंद , जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती चंद्रसेना भिड़े एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

रामलीला में मनु-सतरूपा संवाद प्रसंग का भव्य मंचन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। शहर के पठार मोहल्ला स्थित अंबेडकर भवन के ठीक सामने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी सिद्ध कला परिषद द्वारा आयोजित रामलीला का भव्य शुभारंभ हुआ।

इस दौरान रामायण जी एवं भगवान शंकर जी की आरती रामसरूप प्रजापति के द्वारा की गयी अतिथियों का स्वागत परिषद के अध्यक्ष शीतल संधू एवं निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा किया गया । दितीय दिवस पर कलाकारों ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से मनु-सतरूपा की कठोर



तपस्या, भगवान श्री विष्णु जी से उनके संवाद तथा रावण जन्म प्रसंग का सजीव मंचन किया। परिषद के सचिब पीयूष पाराशर ने बताया कि मंचन के दौरान दशार्या गया कि किस प्रकार महाराजा मनु और महारानी सतरूपा की तपस्या से प्रसन्न होकर प्रभु श्रीहरि ने उन्हें पुत्र रूप में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके पश्चात रावण, कुंभकर्ण और विभीषण के जन्म और उनकी तपस्या के दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसके पश्चात मेघनाथ द्वारा इंद्र आदि देवताओं को बांध कर लाया गया कलाकारों के दमदार संवाद, आकर्षक वेशभूषा और मधुर संगीत ने पूरे वातावरण को भक्ति मय कर दिया रावण का अभिनय लीला के निर्देशक अनिल शर्मा द्वारा किया गया ।इस दौरान ऋषि त्रिपाठी पवन शर्मा बंधु शर्मा लक्ष्मण बघेल बृजेश शर्मा नीरज पटेल प्रमेन्द्र शर्मा शिबम पलिया राहुल शर्मा, राहुल जैन, सुशील कुशवाहा, छोटू ओझा श्याम सुंदर विश्वाकर्मा आदि कलाकार उपस्थित रहे।

सात दिन में आईं 26 शिकायतें, 14 का संतुष्टिपूर्वक किया गया निराकरण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित व प्रभावी निराकरण तथा पुलिस तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई हेल्पलाइन सेवा के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। 18 नवंबर 2026 को जारी किए गए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049140021 पर 25 नवंबर तक कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 14 शिकायतों का आवेदकों की संतुष्टि के अनुरूप निराकरण किया जा चुका है। इस पहल के जरिए नागरिक व्हाट्सएप और टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक अपनी समस्याएं पहुंचा रहे हैं।

हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को विधिवत रजिस्टर में दर्ज कर तत्काल व्हाट्सएप के माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी और एसडीओपी को प्रेषित किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर अधिकतम तीन दिवस के भीतर शिकायतों का निपटारा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। स्वयं पुलिस अधीक्षक प्रतिदिन इन शिकायतों की समीक्षा कर निराकरण की प्रगति की सतत निगरानी कर रहे हैं।

अब तक प्राप्त हुई 26 शिकायतों में मारपीट, धोखाधड़ी, उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने, उधारी की रकम



वापस दिलाने, फर्जी रजिस्ट्री कराने और शादी का झांसा देकर गलत कार्य करने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। इसी क्रम में 18 नवंबर को आवेदक गोलू अहिरवार निवासी बमुरिया नई की लंबे समय से लंबित 60,000 रुपए की उधारी राशि वापस दिलाने में पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर राहत प्रदान की।

हेल्पलाइन नंबर मजबूत सूचना तंत्र के रूप में भी कारगर

जनशिकायतों के समाधान के साथ-साथ यह हेल्पलाइन नंबर पुलिस के लिए एक मजबूत सूचना तंत्र के रूप में भी कारगर साबित हो रहा है। इसके जरिए जागरूक नागरिक मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं भी साझा कर रहे हैं, जिन पर पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि वे पुलिस संबंधी किसी भी समस्या, शिकायत अथवा अपराध व अवैध गतिविधियों की जानकारी बेझिझक हेल्पलाइन नंबर 7049140021 पर व्हाट्सएप या टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से भेजें। उन्होंने आश्वस्त किया है कि प्राप्त सूचनाओं और शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा अशोकनगर पुलिस बेहतर पुलिसिंग और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)